शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024

**मौसम**

तापमान 31 – 18
आर्द्रता 66%
सूर्योदय: 5:50 सूर्यास्त: 16:53

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** जिंदगी में हर एक छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।



भारत ने महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी में थाईलैंड को 13–0 से रौंदा –पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# टैब घोटाला : कोलकाता पुलिस ने किया 10 सदस्यीय एसआईटी का गठन

कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल में छात्रों का टैब का पैसा उनके बैंक खाते में नहीं आने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कोलकाता समेत जिलों के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को इसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। अब तक कोलकाता के 100 से अधिक छात्रों के टैब के पैसे गायब होने की शिकायत कोलकाता पुलिस को मिल चुकी है। उन सभी आरोपों की जांच के लिए लालबाजार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन



किया। इस टीम में 10 सदस्य हैं। राज्य सरकार 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को हर वर्ष उनकी पढ़ाई की सुविधा के लिए 10,000 रुपये देती है। यह पैसा सरकार की 'यूथ ड्रीम' योजना के तहत दिया जाता है। पूजा से पहले विद्यार्थियों ने संबंधित पोर्टल पर टैब खरीद के पैसे के लिए आवेदन किया था। पूजा के बाद पैसा सीधे छात्रों के खाते में जाना शुरू हो गया। वहीं स्कूल प्रशासन ने आरोप लगाया है कि कई छात्रों के टैब का पैसा दूसरे बैंक खातों में चला गया है। इसके बाद अलग-अलग जिलों से छात्रों के पैसे गायब होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। यह शिकायत सिर्फ जिले तक ही सीमित नहीं है। कोलकाता के विभिन्न स्कूलों के छात्र पैसे नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। इस संबंध में जादवपुर, कसबा, बेनियापुकुर, मानिकतला, वाटगंज, जोड़ासांको, गोल्फ ग्रीन और भवानीपुर पुलिस स्टेशनों में पहले ही शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। ऐसे में इस बार कोलकाता पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। वे पता लगाएंगे कि कोलकाता के स्कूलों के छात्रों का पैसा कहां जा रहा है और इस तरह की घटना के पीछे कौन लोग हैं।

चेन्नई में 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के परिसरों पर ईडी के छापे (पृष्ठ 7)

दिल्ली में प्रवेश करना गैस चेंबर में प्रवेश करने जैसा था : प्रियंका (पृष्ठ 7)

## बिहार में कागज का प्लेट बनाने वाले कारखाने में कोलकाता एसटीएफ का छापा

## अवैध हथियार बनाने का भंडाफोड़, मालिक सहित दो गिरफ्तार



कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता एसटीएफ ने बिहार में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मुंगेर जिले के तारापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्की खानपुर में बुधवार की रात पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। तारापुर एसडीप–ीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि यह फैक्ट्री कागज का प्लेट बनाने की आड़ मे.चल रही थी। कोलकाता की एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस और बिहार एसटीएफ के सहयोग से इस पर कार्रवाई की, जिसमें कई हथियार और कलपुर्जे बरामद करने के साथ फैक्टरी मालिक और उसके एक रिश्तेदार सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस दौरान, कार्रवाई में मोनाजिर हसन और उसके साले नसीम को गिरफ्तार किया है। मोनाजिर हसन के पत्ता प्लेट बनाने की फैक्ट्री से छह पिस्टल की बॉडी, छह पिस्टल का बट एक लेथ मशीन, एक मिलिंग मशीन, एक ड्रिलिंग मशीन, एक ग्राइंडिंग और पॉलिश मशीन सहित बड़ी मात्रा में औजार और कच्चा माल की बरामदगी हुई है।

## झारखंड में सत्ता के लिये 'जल बिन मछली' की तरह तड़प रही है भाजपा : सोरेन

**दुमका (झारखंड) :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय राज्य में सत्ता के लिए जल बिन मछली की तरह तड़प रही है। झारखंड का गठन नवंबर 2000 में हुआ था और अधिकांश समय भाजपा राज्य में सत्ता में रही। सोरेन ने कहा, उनके (भाजपा के) नेता पिछले एक साल से राज्य में घूम-घूम कर किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं। वे भूल गए कि झारखंड में सत्ता अब भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथ में है, जो कभी दबाव में नहीं झुकेगी। दुमका में झामुमो उम्मीदवार बसंत सोरेन के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, बिना सत्ता के भाजपा की हालत जल बिन (तड़पती) मछली की तरह है और पार्टी धनबल से उसे पकड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने 2019 में झामुमो सरकार बनने के कुछ ही घंटों बाद उसे गिराने की कोशिश की थी।

## कृषक समुदाय को बांटने की कोशिश करने वालों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे: धनखड़

**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रवाद के लिए किसानों की एकता महत्वपूर्ण है और कृषक समुदाय को बांटने की कोशिश करने वालों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। राजस्थान के पुष्कर में 105वें 'नेशनल जाट कन्वेंशन' को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए और एक साथ बैठकर और बातचीत करके यह किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रवाद के लिए किसान समुदाय की एकता बहुत जरूरी है। किसान राष्ट्र का प्रतीक हैं। जब भी देश में कोई संकट आएगा, किसान उसे अपने सीने पर झेलेगा।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मैं जानता हूं कि कुछ समस्याएं हैं, उनका समाधान होना चाहिए। इसमें देरी हुई है, लेकिन इसका समाधान किया जा सकता है। मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। हम मिल-बैठकर बात करेंगे और समाधान निकालेंगे।'' उन्होंने कहा, ''किसान समुदाय को बांटने की कोशिश करने वालों के नापाक इरादे कभी कामयाब नहीं होंगे। किसानों को जातियों में बांटने की, एक वर्ग विशेष को अलग करने की साजिश चल रही है और मैं खुलकर कहूंगा कि जाटों को अलग करने की साजिश चल रही है।''

## भारत ने निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया



**नयी दिल्ली :** भारत ने प्रमाणन परीक्षणों के एक भाग के रूप में निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन परीक्षणों के दौरान, रॉकेटों के व्यापक परीक्षण के माध्यम से 'प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट' (पीएसक्यूआर) के मापदंडों, जैसे कि रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और सैल्वो मोड (सैल्वो तोपखाने या आग्नेयास्त्रों का एक साथ प्रयोग है जिसमें लक्ष्य को भेदने के लिए तोपों से गोलीबारी शामिल है) में कई लक्ष्यों पर निशाना साधने की दर का आकलन किया गया है। इसमें कहा गया, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पीएसक्यूआर सत्यापन परीक्षणों के भाग के रूप में निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उड़ान परीक्षण विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंजों पर तीन चरणों में आयोजित किए गए। बयान में कहा गया है, प्रत्येक उत्पादन एजेंसी द्वारा प्रक्षेपक उत्पादन एजेंसियों द्वारा उन्नत किए गए दो सेवारत पिनाका प्रक्षेपकों से प्रक्षेपित 12 रॉकेटों का परीक्षण किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल पीएसक्यूआर सत्यापन परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की सराहना की है और कहा है कि इस निर्देशित पिनाका हथियार प्रणाली को शामिल करने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता में और वृद्धि होगी।

## दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के कारण पांचवीं कक्षा तक ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी: आतिशी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में पांचवीं कक्षा तक के सभी विद्यालय शहर में बढ़ते प्रदूषण स्तर के मद्देनजर अगले निर्देश तक ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करेंगे। मुख्यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। प्रदूषण के चिंताजनक स्तर पर पहुंचने के साथ वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन-सीआर) में 'ग्रैप' चरण-3 के तहत पाबंदियां लागू कीं। राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता आज लगातार दूसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में रही जिसके बाद अधिकारियों को सख्त प्रदूषण रोधी उपाय लागू करने पड़े जो शुक्रवार से प्रभाव में आएंगे। शिक्षा विभाग का कामकाज भी देख रहीं आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''बढ़ते प्रदूषण स्तर के कारण, अगले निर्देश तक दिल्ली के सभी प्राथमिक विद्यालय ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करेंगे।'' शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने सभी



सरकारी, निजी स्कूलों, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के विद्यालयों के प्रमुखों से कहा है कि पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं नहीं चलाई जाएं। डीओई ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों से अगले आदेश तक ये कक्षाएं ऑनलाइन संचालित करने को कहा। सीएक्यूएम ने क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत कुछ प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी भी शामिल है।

## दिल्ली वक्फ मामला: अदालत ने अमानतुल्लाह खान की जमानत स्वीकार की, रिहाई का आदेश जारी किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश जारी किया। विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने एक लाख रुपये के जमानती मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत स्वीकार करने के बाद यह आदेश जारी किया। इससे पहले दिन में न्यायाधीश ने मामले में खान को रिहा करने का आदेश दिया, जबकि उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। न्यायाधीश ने कहा कि खान के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं, लेकिन अभियोजन की कोई मंजूरी नहीं ली गई है। न्यायाधीश ने कहा, ''इसलिए संज्ञान लेने से इनकार किया जाता है।''

# कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया और गरीबों को ही लूट लिया: प्रधानमंत्री मोदी



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया लेकिन उसने गरीबों को ही लूट लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी की मानसिकता यह सुनिश्चित करने की है कि गरीब प्रगति न करे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पनवेल में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''अगर गरीबों को फायदा हो रहा है तो आपको खुशी होती है, लेकिन कांग्रेस को इस बात की खुशी नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''वोट बैंक की राजनीति के मामले में कांग्रेस काफी आगे है, लेकिन वह गरीबों की दुश्मन है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस को रोकने की बड़ी जिम्मेदारी गरीबों की है। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने हमेशा गरीब को गरीब बनाए रखने के एजेंडे के साथ काम किया है। उन्होंने कहा, ''पीढ़ी दर पीढ़ी ये लोग केवल गरीबी हटाओ का झूठा नारा देते रहे। गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर कांग्रेस ने गरीबों को ही लूट लिया'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए गरीब, जिंदगी की मुश्किलों से बाहर नहीं आ पाया और आजादी के 70 साल बाद भी देश के ज्यादातर लोग रोटी, कपड़ा और मकान पाने के लिए जूझते रहे। उन्होंने दावा किया, ''पिछले 10 वर्षों में पहली बार ये हालात बदले हैं। पहली बार कोई सरकार 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाई है।'' मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि महाराष्ट्र के प्रति अपने प्रेम का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''जब भाजपा ने 2013 में मुझे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर चुना था तब मैं रायगढ़ किले गया था और शिवाजी महाराज से देश के लिए काम करने का आशीर्वाद मांगा था।''

## डोमिनिका अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से प्रधानमंत्री मोदी को करेगा सम्मानित

डोमिनिका राष्ट्रमंडल इस महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान करेगा। डोमिनिका सरकार ने यह जानकारी दी। यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में मोदी के योगदान और दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उनके समर्पण की मान्यता के रूप में दिया गया है।



## मुद्रास्फीति से ब्याज दर कटौती की उम्मीदें घटी

केंद्रीय बैंक व सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद, देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के चलते खुदरा मुद्रास्फीति पिछले चौदह महीनों की ऊंचाई पर जा पहुंची हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के छह फीसदी के संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल गई है। आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत रही। ऐसे में खुदरा महंगाई के आरबीआई द्वारा निर्धारित संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल जाने से इस साल दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कमोबेश धाराशाई हो गई हैं। दरअसल, खुदरा महंगाई में यह वृद्धि सब्जियों, फलों, वसायुक्त वस्तुओं व तेलों की कीमतों में तेजी की वजह से हुई है। जो कि भारत की खाद्य आपूर्ति शृंखला में व्याप्त गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का खुलासा करती है। साथ ही स्थिति में सुधार के लिये अविलंब सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से अक्तबूर की खाद्य मुद्रास्फीति दर का इस साल सबसे अधिक 10.87 फीसदी होना नीति-नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह बढ़ती महंगाई एक महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि अस्थिर खाद्य कीमतें देश की संपूर्ण आर्थिक स्थिरता को कैसे बाधित कर सकती है। विशेष रूप से टमाटर और तेल जैसी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, कुछ प्रमुख वस्तुओं और आयात की जाने वाली चीजों पर देश की निर्भरता हमारी कमजोरी को ही दर्शाती हैं। इसमें दो राय नहीं कि हर साल वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादक राज्यों में अतिवृष्टि, बाढ़ आदि के कारण उत्पादन व आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो जाती है। वहीं अनियमित और ज्यादा बारिश से सब्जी व फलों को होने वाले नुकसान ने बता दिया है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। जिसकी आशंका हम कई वर्षों से जताते भी रहे हैं। अब इस चुनौती का युद्ध स्तर पर मुकाबला करने की जरूरत है।

बहरहाल, हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों से सब्जियों के उत्पादन व आपूर्ति को कैसे सुरक्षित करें। ऐसे वक्त में जब कृषि उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव नजर आया है, हमें मौसम के चरम में बेहतर उत्पादन देने वाली सब्जियों व अन्य फसलों की उन्नत किस्में तैयार करनी होंगी। साथ ही बेहतर भंडारण सुविधाएं जुटानी होंगी। जिससे बिचौलियों की मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाकर कृत्रिम महंगाई को रोका जा सकेगा। हम व्यावहारिक आयात रणनीति को अपनाते हुए सब्जियों व फलों के आपूर्ति पक्ष को मजबूत करें। कालांतर ये प्रयास खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने में मददगार होंगे। हमें औद्योगिक उत्पादन में भी तेजी लाने की जरूरत है ताकि लोगों की आय बढ़ने से क्रय शक्ति में इजाफा हो। हालांकि, सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में तीन फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन यह आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। दरअसल, कम वृद्धि उच्च मुद्रास्फीति के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने में सहायक नहीं हो सकती है। वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में यह मामूली वृद्धि हमारी अर्थव्यवस्था में सुस्ती को बताती है। निस्संदेह, मुद्रास्फीति में कमी किए बिना सुधार की गति को बनाये रखने में मुश्किल है। ऐसे में केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने से उपभोक्ता मांग कम हो सकती है। कालांतर इसका असर निवेश पर भी पड़ सकता है। निश्चित रूप से तीव्र आर्थिक विकास के लिये मुद्रास्फीति के दबावों से उबरने की आवश्यकता है। इसके लिये कृषि उत्पादन व औद्योगिक प्रदर्शन में तेजी लाने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं के बीच सरकार को घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि करने के प्रयास करने चाहिए। जिससे हमें आपूर्ति शृंखला को अनुकूल बनाने में मदद मिल सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। बहरहाल, दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता के लिये जरूरी है कि देश बार-बार मुद्रास्फीति में होने वाली बढ़ोतरी को रोकने के लिये कृषि सुधारों को प्राथमिकता दे। जिससे कमजोर आय वर्ग के परिवारों को बढ़ती कीमतों के दबाव से राहत मिल सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 नवम्बर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 06:19 तक, नक्षत्र : भरणी, 21:55 तक, योग : व्यतिपाता, 07:24 तक, सूर्योदय: 5:50, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 16:17, चन्द्रास्त: 04:55, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 09:59 से 11:21

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको करियर में आशातीत सफलता मिलेगी। समाज के प्रति दायित्व भी पूरे होंगे और आप आगे बढ़कर कुछ काम को अपने हाथ में लेंगे।

**वृष :** वृष राशि के लोगों का दिन खुशी में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के मामले में सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी हो सकती है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी और आपके कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ होगा और करियर के मामले में आपकी तरक्की होगी। दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को लाभ और तरक्की हासिल होगी और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय करने से खुशी होगी, मन आनंदित होगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को लाभ होगा और आपका गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन खर्च होगा। आपके घर में सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके खिलाफ षड्यंत्र विफल हो जाएंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को हर कार्य में अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन के योग हैं।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में काफी भागदौड़ और अधिक खर्चे का सामना करना पड़ सकता है। आपके लिए करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के धन में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके लिए पास और दूर की यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी।

# गुरुनानक देव समाजक्रांति एवं धर्मक्रांति के पुरोधा



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु नानकदेव एक महान पवित्र आत्मा थे, वे ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि थे। सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। अणु को विराट के साथ एवं आत्मा को परमात्मा के साथ एवं आत्मज्ञान को प्राप्त करने के एक नए मार्ग की परंपरा का सूत्रपात गुरुनानक ने किया है, यह किसी धर्म की स्थापना नहीं थी। उन्होंने परम सत्ता या संपूर्ण चेतन सत्ता के साथ तादात्म्य स्थापित करने का मार्ग बताया। यही वह सार्वभौम तत्व है, जो मानव समुदाय को ही नहीं, समस्त प्राणी जगत् को एकता के सूत्र में बांधे हुए हैं। इसी सूत्र को अपने अनुयायियों में प्रभावी ढंग से सम्प्रेषित करते हुए 'सिख' समुदाय के प्रथम धर्मगुरु नानक देव ने मानवता एवं सर्वधर्म सद्भाव का पाठ पढ़ाया। उन्होंने समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने के लिए लंगर परंपरा की शुरुआत की थी, जहां गरीब-राजा, ऊंच-नीच सभी लंगर खाते थे। उन्होंने 'निर्गुण उपासना' पर जोर दिया और उसका ही प्रचार-प्रसार किया। वे मूर्ति पूजा नहीं करते थे और न ही मानते थे। ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है, इसमें ही नानक देव का पूरा विश्वास था। उनका धर्म और अध्यात्म लौकिक तथा पारलौकिक सुख-समृद्धि के लिए श्रम, शक्ति, भक्ति एवं मनोयोग के सम्यक नियोजन की प्रेरणा देता है।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज अधिक प्रासंगिक हैं क्योंकि उन्होंने मानवता और सत्कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया था। उन्होंने समाज में कई बदलाव लाने का काम किया, उन्होंने स्त्रियों को पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा दिया और वैवाहिक जीवन को पवित्र माना। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी धर्म, जाति, और सम्प्रदाय के लोगों को समान रूप से शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने आडंबर और अंधविश्वासों का खंडन किया और ईश्वर की प्रत्यक्ष भक्ति पर ज़ोर दिया। उन्होंने अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए संवादों का महत्व बताया और निस्वार्थ सेवा को बढ़ावा देते हुए करुणा, परोपकारिता और ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।



गुरुनानक का जन्म 1469 में लाहौर के निकट तलवंडी में हुआ था। दीपावली के पन्द्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा को जन्में गुरु नानक देव सर्वधर्म सद्भाव की प्रेरक मिसाल है। उनके जन्म दिन को हम प्रकाश पर्व, गुरु पर्व, गुरु पूरब भी कहते हैं। वे अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म-सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु - सभी गुणों को समेटे हैं। उनमें प्रखर बुद्धि के लक्षण बचपन से ही दिखाई देने लगे थे। वे किशोरावस्था में ही सांसारिक विषयों के प्रति उदासीन हो गये थे। गुरुनानक देव एक महा-पुरुष व महान धर्म प्रवर्तक थे जिन्होंने विश्व से सांसारिक अज्ञानता को दूर कर आध्यात्मिक शक्ति को आत्मसात् करने हेतु प्रेरित किया। उनका कथन है- रैन गवाई सोई कै, दिवसु गवाया खाय। हीरे जैसा जन्मु है, कौड़ी बदले जाय। उनकी दृष्टि में ईश्वर सर्वव्यापी है और यह मनुष्य जीवन उसकी अनमोल देन है, इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्हें हम धर्मक्रांति के साथ-साथ समाजक्रांति का प्रेरक कह सकते हैं। उन्होंने एक तरह से सनातन धर्म को ही अपने भीतरी अनुभवों से एक नये रूप में व्याख्यायित किया।

गुरु नानकजी ने गुलामी, नस्लीय भेदभाव, और लिंगभेद की निंदा की। वे कहते थे कि पैसे हमेशा जेब में होने चाहिए, हृदय में नहीं। मनुष्य को लोभ का त्याग करना चाहिए और सदैव परिश्रम से धन कमाना चाहिए। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। आपके स्वभाव में चिंतनशीलता थी तथा आप एकांतप्रिय थे। आपका मन स्कूली शिक्षा की अपेक्षा साधु-संतों व विद्वानों की संगति में अधिक रमता था। बालक नानक ने संस्कृत, अरबी व फारसी भाषा का ज्ञान घर पर रहकर ही अर्जित किया। इनके पिता ने जब पुत्र में सांसारिक विरक्ति का भाव देखा तो उन्हें पुनः भौतिकता की ओर आसक्त करने के उद्देश्य से पशुपालन का कार्य सौंपा। फिर भी नानकदेव का अधिकांश समय ईश्वर भक्ति और साधना में व्यतीत होता था।

नानक के बचपन में ही अनेक अद्भुत घटनाएँ घटित हुईं जिनसे लोगों ने समझ लिया कि नानक एक असाधरण बालक है। कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था- खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराईआ। एक और घटना है- नानक ग्रीष्म ऋतु की चिलचिलाती धूप में किसी ग्राम में गए। वहाँ वे गर्मी से बेहाल विश्राम करने के लिए बैठ गए। उन्हें कब नींद आ गई पता ही नहीं चला क्योंकि एक बड़े सर्प ने अपना फन फैलाकर उन्हें छाया प्रदान कर दी थी। गाँववाले यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। गाँव के मुखिया ने उन्हें देवस्वरूप समझकर प्रणाम किया। तभी से नानक के नाम के आगे 'देव' शब्द जुड़ गया।

वे कालांतर में 'गुरु नानकदेव' के नाम से विख्यात हुए। उनका उद्देश्य भी भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा करना ही था। गुरुनानक देव का जीवन सदैव समाज के उत्थान में बीता। गुरुनानक देव जी ने न केवल शिक्षाएं दीं, बल्कि स्वयं भी इसका पालन किया। उन्होंने करतारपुर साहिब में बिताए अपने जीवन के आखिरी 18 वर्षों में खेतों में हल चला कर यह बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में मेहनत करनी चाहिए। एक अन्य रोचक घटना में उनके पिता ने उन्हें गृहस्थ आश्रम की ओर ध्यानाकर्षित करने के लिए तत्कालीन नबाव लोदी खाँ के यहाँ नौकरी दिलवा दी। वहाँ उन्हें भंडार निरीक्षक की नौकरी प्राप्त हुई। परंतु नानक वहाँ भी साधु-संतों पर बेहिसाब खर्च करते रहे। इसकी शिकायत नवाब तक पहुँची तब उसने नानक के खिलाफ जाँच के आदेश दे दिए। परंतु आश्चर्य की बात यह थी कि उस जाँच में कोई कमी नहीं पाई गई। एक बार नानकदेव भ्रमण के दौरान मक्का पहुँचे। वह थकान के कारण काबा की ओर पैर करके सो गए। जब वहाँ के मुसलमानों ने यह दृश्य देखा तो वे अत्यधिक क्रोधित हुए। चमत्कार उस समय घटित हुआ जब लोग उनका पैर जिस दिशा में करते उन्हें उसी दिशा में काबा के दर्शन होते। यह देखकर सभी ने उनसे श्रद्धा-पूर्वक क्षमा माँगी।

गुरु नानक देव ने 'गुरुग्रंथ साहब' नामक ग्रंथ की रचना की । यह ग्रंथ पंजाबी भाषा और गुरुमुखी लिपि में है । इसमें कबीर, रैदास व मलूकदास जैसे भक्त कवियों की वाणियाँ सम्मिलित हैं। 70 वर्षीय गुरुनानक सन् 1539 ई में अमरत्व को प्राप्त कर गए। श्री गुरुनानक देवजी के सबसे निकटस्थ शिष्य मरदाना को माना जाता है जो कि जाति से मुसलमान थे। आप देखिये नानक देवजी के तप का प्रभाव कि मरदाना ने अपना पूरा जीवन गुरुनानकजी के सेवा में गुजारा। सैकडों साल पुराने सामाजिक सच, आज के सच हों, यह जरूरी नहीं है। अतः सत्य की खोज के लिए गतिशीलता एवं विवेक की अपेक्षा है। उन्होंने परम चक्षु-अंतर्दृष्टि को जगा और श्रेष्ठताओं के संवर्धन हेतु विशिष्ट पराक्रम किया। इसका तात्पर्य यह है कि आध्यात्मिक विकास हेतु विवेकयुक्त पुरुषार्थ की नितांत अपेक्षा रहती है। एक बार कुछ लोगों ने गुरुनानक देव से पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके अनुसार हिंदू बड़ा है या मुसलमान तो गुरु साहिब ने उत्तर दिया, 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे, एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे।' यानी सब इंसान ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला भगवान की नजर में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। इस तरह गुरुनानक देव सच्चे गुरु एवं परमात्मा स्वरूप हैं।

# तकनीकी शब्दावली का विकास संदर्भ खासी भाषा की अर्थवत्ता



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

भारतीय भाषाओं में तकनीकी शब्दावली का विकास लगातार प्रगति पथ पर है। इसको लेकर जो विचार-विमर्श प्रारंभ हुआ है, दरअसल वह विचार- विमर्श भाषाओं के अंत:संबंधों की मजबूत कड़ी का एक सोपान है। खासकर पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं की पहचान विश्व मंच पर कायम होने की प्रक्रिया भी शुरू हुई है। भारतीय भाषाओं में पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं की गरिमा पर आलोकपात करना वर्तमान का तकाजा है। इस तकाजे को ध्यान में रखते हुए यह कहना जरूरी है कि तकनीकी शब्दावली के जरिये पूर्वोत्तर की भाषाओं के अन्त:संबंधों को मजबूत करना भी एक नई दिशा की सूचना है, इस नई दिशा का मतलब यही है कि भाषाओं की रक्षा के लिए विभिन्न भाषाओं के बीच संबंधों को उजागर करना ही सही मायने में किसी सभ्यता और किसी संस्कृति की प्रगति का द्योतक है। भाषाओं के आपसी संबंधों के मजबूत होने से राष्ट्र के निर्माण की भीतरी प्रक्रिया भी मजबूत होती है। इस दिशा में निश्चित रूप से उच्च शिक्षण संस्थाओं की भूमिका सराहनीय रही है। इस संदर्भ में यह कहना जरूरी है कि भाषाओं की प्रगति के इतिहास को स्पष्ट करने में तकनीकी शब्दावली की मुख्य भूमिका होती है। तकनीकी शब्दावली के अंतर्गत ।भिन्न विषयों के शब्दों को स्थान देने की परंपरा है। इस परंपरा को विकसित करने में सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों ने पिछले आठ-नौ दशकों में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है।

तकनीकी शब्दावली का दायरा काफी विस्तृत है। यदि इसके दायरे पर विचार किया जाए, तो स्पष्ट होगा कि इसके अंतर्गत प्रशासन-कानून-चिकित्सा-अभियांत्रिकी-संगणक-आयुर्वेद के शब्दों को रखने का प्रयास किया जाता है। इस विषय से संबंधित तकनीकी शब्दावली पर कार्य-कार्य-शिविर-परिचर्चा जैसे कार्यक्रम किये जाते हैं। लेकिन मिथक-संस्कृति-इतिहास-मनोविज्ञान जैसे विषयों में प्रयुक्त होने वाले शब्दों पर भी विचार करने की जरूरत है। यह सच है कि इन विषयों में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को तकनीकी शब्दावली में उस तरह से स्थान नहीं दिया जा सकता है; लेकिन इस विषय पर विचार करना आवश्यक है, क्योंकि इन विषयों के शब्दों की लोकप्रियता बढ़ाने से दो भिन्न संस्कृतियों या दो से अधिक कई संस्कृतियों के बीच के संबंधों को और मजबूत किया जा सकता है।

इस संदर्भ में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि कोश का निर्माण हमारी सभ्यता और संस्कृति की प्रगति का मानक है। कौन-सा देश कितना समृद्ध है, इसकी जब-जब जांच होती है, तब-तब भाषाओं के सवाल हमारे सामने प्रमुख रूप से उपस्थित होते हैं और इस तरह के प्रश्नों को समझने के लिए विभिन्न भाषाओं में प्रयुक्त होने वाले शब्दों की अर्थवत्ता को समझना एक स्वाभाविक प्रक्रिया से गुजरना समाज की गति का परिचायक है। इसी गति से पता चलता है कि किस कालखंड में किस भाषा ने अन्य भाषाओं के शब्दों को किस रूप में स्वीकारा है । यही वह बिन्दु है, जब तकनीकी शब्दावली की महत्ता हमारे समाज में प्रगति के कई द्वारों को उन्मुक्त करती है।

यह सच है कि भाषाओं के विकास के अंतर्गत तकनीकी शब्दावली का प्रयोग एक ऐसा प्रमुख कारक है, जिसके जरिये प्रौद्योगिकी-तकनीकी प्रगति का लाभ सीधे-सीधे तौर पर आम जनता के बीच ले जाना संभव होता है। उदाहरण के लिए सिनेमा के पास व्यापक दर्शक हैं, लेकिन सिनेमा में प्रयुक्त होने वाले शब्दों के लिए खासकर भारतीय भाषाओं और पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं में शब्द कम हैं, ज्यादातर दूसरी भाषा के शब्दों का प्रयोग किया जाता है। सिनेमा बनाने में जिन तकनीकी शब्दावलियों का प्रयोग होता है, यदि उन शब्दावलियों को भारतीय भाषाओं और पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं में प्रयुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ा जाए तो निश्चित रूप से एक नई जमीन तैयार हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं में असमिया, बंगला, बोड़ो, मिजो इत्यादि भाषाओं की प्रमुखता है। यदि गंभीरता से विचार किया जाए, तो स्पष्ट होगा कि पूर्वोत्तर में 220 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इन सभी भाषाओं का अपना इतिहास है और उन सभी भाषाओं की अपनी संस्कृति है। यह बिल्कुल सही है कि उन भाषाओं की लिपि, व्याकरण, साहित्य इत्यादि ने अपने-अपने ढंग से देश-दुनिया को प्रभावित किया है; लेकिन उन भाषाओं का जन्म स्थान भारत है। यदि पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं पर एक निगाह डाली जाए, तो यही दिखता है कि कई देशों की सीमाओं को पूर्वोत्तर भारतीय भाषाएं देख रही हैं और समझ भी रही हैं।

इन भाषाओं को चीन, भूटान, बंगलादेश, नेपाल की सीमाओं की असलियत पता है। कहने का यही तात्पर्य है कि भाषा ही किसी देश की सीमाओं की सच्चाइयों को समझने में सक्षम होती है। इसलिए कि भाषा को बनने में हजारों-हजार युग लगते हैं, यही कारण है कि इस वर्ग विभाजित समाज में भाषा वर्ग रहित होती है, भाषा सबकी होती है और भाषा संघर्ष के मैदान में बनती है। हर भाषा के बनने की यही गाथा है। दरअसल यह गाथा ही किसी भाषा की जय-यात्रा की गाथा है, जो एक दस्तावेज के रूप में सामने आती है और जिसका आधार उसकी शब्दावली है। यह याद रखने की जरूरत है कि तकनीकी शब्दावली के आधार पर किसी भाषाओं को बांटा नहीं जा सकता है। भाषाओं के पृथकीकरण का आधार लिपि, शब्द, तकनीकी शब्द, व्याकरण या रचनात्मक साहित्य नहीं है भाषाओं का अलग स्वरूप तो उसकी क्रिया के आधार पर दिखती है। किसी भाषा का महत्त्व उसकी क्रिया पर ही निर्भर करता है।

यदि इस दृष्टिकोण से पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाए तो यह कहना ही पड़ेगा कि 'खासी' भाषा का महत्त्व हर दृष्टि से पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं में एक हद तक अव्वल है। खासी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है। इसका इतिहास प्राय: 1500 सालों से भी अधिक पुराना है। यह भाषा मेघालय की भाषा है। मेघालय के साथ-साथ बंगलादेश के भी कई हिस्सों में इस भाषा को बोलने वाले लोग हैं। यह भाषा ओस्ट्रोएशियाटिक परिवार की भाषा है। खासकर खासी भाषा मोन-खमेर शाखा की भाषा है। यह भाषा संस्कृत और पाली से काफी प्रभावित है। इस भाषा की लिपि का नाम खासी लिपि है, जो ब्रह्मी लिपि से आयी है। मध्ययुग में खासी भाषा ने अपनी प्रवृत्तियों, अपनी शब्दावलियों तथा अपने व्याकरण को विकसित किया। लेकिन उपनिवेशकाल में ब्रितानी हुकूमत के दौरान खासी भाषा पर अंग्रेजी भाषा का ज्यादा प्रभाव दिखा। उस वक्त खासी भाषा ने रोमन लिपि को अपनाया।

आजादी के बाद खासी भाषा को आधुनिक करने पर जोर दिया गया। किसी भाषा को जब आधुनिक बनाने पर जोर दिया जाता है, तब यह दिखता है कि भाषा की शक्ति क्या है और उसकी सामर्थ्य क्या है। आजादी के बाद शिक्षा-साहित्य और जन संचार माध्यम में खासी भाषा का विस्तार काफी देखा जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि तकनीकी प्रौद्योगिकी विकास और वैश्विक प्रभाव को खासी भाषा ने शानदार तरीके से समाहित किया है।

उल्लेखनीय है कि सन् 1842 में खासी-अंग्रेजी शब्दकोश प्रकाशित हुआ। 1897 में खासी लिपि को शासकीय स्वीकृति मिली। 1960 में खासी भाषा को स्कूली शिक्षा में प्रयुक्त किया गया। 1970 में खासी साहित्य का नया-नया रूप हमारे सामने उपस्थित हुआ। 2000 में खासी भाषा को मेघालय में सरकारी स्वीकृति मिली। खासी भाषा की प्रमुख बोलियों के नाम हैं- अद्ययतन खासी, खीनरियम और मोई। खासी भाषा में संस्कृत के अतिरिक्त अंग्रेजी, हिंदी, मैथिली के शब्द भी मिलते हैं।

विभिन्न भाषाओं के विद्वानों ने खासी भाषा को समृद्ध करने का प्रयास किया है। उन विद्वानों में विलियम कैरी और एच रॉबर्ट के नाम लिए जाते हैं, जिन्होंने खासी-अंग्रेजी शब्दकोश का निर्माण किया था। एच रॉबर्ट ने खासी लोककथाओं को संगृहीत किया। मेघालय स्टेट कौंसिल फॉर साइंस, टेक्टनोलॉजी एंड एंबाइरामैंट ने खासी शब्दकोश का निर्माण किया है। खासी भाषा के विकास पर कई कार्यक्रम जारी है। इन कार्यक्रमों को और अधिक विकसित करने की पहल आवश्यक है। कई शिक्षण संस्थानों के जरिये खासी भाषा के पठन-पाठन की व्यवस्था की गई है। सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी इस भाषा के विकास पर जोर दिया गया है, जो भाषा के संवर्द्धन की दिशा में एक सराहनीय कदम है। आडियो-विजुअल स्रोत के साथ-साथ सॉफ्टवेयर और ऐप को भी विकसित किया गया है। खासी भाषा के विकास के लिए कई पत्र-पत्रिकाओं को प्रकाशित किया जाता है। यदि ऐसी स्थिति में तकनीकी शब्दावली को विकसित करने पर जोर दिया जाए, तो निश्चित रूप से पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं के अंतर्गत खासी भाषा की अहमियत बढ़ सकती है।

इस अहमियत से आने वाले भविष्य में यह साबित हो सकता है कि भाषा के एकीकृत से समाज की आभ्यांतरीन सामर्थ्य बढ़ती है। इसमें तकनीकी शब्दावली की अहम् भूमिका है।पूर्वोत्तर भारतीय भाषाओं में खासी भाषा की महत्ता को विकसित करने के लिए तकनीकी शब्दावली के साथ-साथ दर्शन-राजनीति-समाजशास्त्र के शब्दों को निकट से निकट लाने का प्रयास एक अद्वितीय कदम साबित होगा। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए यही सही और उचित समय है।

## वर्ग पहेली नं. 2917

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | | |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | | 21 |
| 22 | | 23 | | ■ | 24 | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 25 | | | | ■ | |
| | ■ | 26 | | | ■ | ■ | 27 | | |

**बायें से दायें:-** 2) ज्वार; अवधि; समुद्रतट; मोगरा, 4) गलीचा, 7) सिंगार, 9) गंभीर; अगाध्य; अमिट, 10) पगार, 11) गोल घेरा, 13) आगामी दिन, 14) प्रसिद्धि, 15) बड़ा पिंजड़ा, 17) धृतराष्ट्र की तरह *(महाभारत)*, 18) मिकदार; कद्र; परिमाण, 19) चौथे सिख गुरु, 22) शैतानी; पाजीपन, 25) जरुरी, 26) उत्पीड़न; रौंदाई, 27) अप्रसन्न.

**ऊपर से नीचे:-** 1) देखभाल करनेवाला, 2) चना दाल का आटा, 3) लज्जा, 4) नेत्रांजन, 5) पर्वत, 6) भगवान इंद्र का हाथी, 8) सफेद, 12) बुद्ध की पत्नी, 13) चमत्कार, 16) झोपड़ा, 20) नखरे से चलना, 21) एक नदी, 22) चमत्कार; चुटकुला; कोई नयी और विलक्षण बात, 23) पावती, 24) डोंगा, 25) वचन; शपथ.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | प्र | थ | म | ■ | द | बो | च | ना |
| द | ■ | वा | ■ | ना | म | र्द | ■ | य | श |
| द | ल | ह | न | ■ | द | ना | द | न | ■ |
| गा | ■ | ■ | ज | ड़ | ■ | क | र | ■ | श |
| र | वि | वा | र | ■ | शे | ■ | बा | ह | र |
| ■ | का | ■ | ■ | ब | र | त | न | ■ | ब |
| अ | स | र | दा | र | ■ | मी | ■ | अं | त |
| र्जु | ■ | स्ता | ■ | स | मा | ज | वा | द | ■ |
| न | दा | र | द | ■ | दा | ■ | स | र | ल |

## सुडोकू-पहेली-2877

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | | | 4 |
| | | | 5 | 2 | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| 6 | 3 | | | 7 | | | | |
| | | | | | | 8 | | |
| | | | | | | 5 | | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | | 8 | | 1 | | | |
| 9 | | | 4 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2876 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 2 | 8 | 6 |

# लॉटरी घोटाला मामले में ईडी ने कोलकाता समेत कई स्थानों पर की छापेमारी

## कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में दो लॉटरी एजेंटों के कार्यालयों–सह–निवासों पर छापा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी की टीम ने गुरुवार की सुबह से लॉटरी टिकटों के जरिए करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग के मामले में कोलकाता और इसके आसपास स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों की तीन टीमें कोलकाता और पड़ोसी जिले में तीन स्थानों पर एक साथ छापेमारी की, जिनमें से एक उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके के माइकल नगर और अन्य दो राज्य की राजधानी में हैं। सूत्रों ने बताया कि माइकल नगर



में जिस स्थान पर तलाशी ली गई, वहां लॉटरी के टिकट की छपाई होता है। अन्य दो स्थान जहां एक साथ छापेमारी की गई, वे लेक मार्केट और लेक गार्डन, दोनों दक्षिण कोलकाता का इलाका है। महानगर के इन दो स्थानों पर, केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई दो लॉटरी एजेंटों के कार्यालयों–सह–निवासों पर की गई है। संबंधित लॉटरी इकाई के खिलाफ कई आरोप हैं, जिनमें करों की चोरी और सबसे महत्वपूर्ण बात, हवाला के जरिए अवैध रूप से आय का एक बड़ा हिस्सा विदेश भेजना शामिल है। जांच एजेंसी को इस रैकेट के साथ बांग्लाद–ेशी संबंधों पर भी संदेह है। उल्लेखनीय है कि यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी अक्टूबर 2023 में आयकर विभाग ने उत्तर 24 परगना में एक लॉटरी कंपनी के प्रिंटिंग प्रेस और गोदाम पर छापेमारी की थी। उस समय भी लॉटरी के जरिए बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। उस छापेमारी में भी असली इनाम विजेताओं को धोखा देकर करोड़ों रुपये हड़पने की बात सामने आई थी और वित्तीय अनियमितताओं का मामला भी सामने आया था। अब इसी सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने लॉटरी घोटाले की जांच तेज कर दी है।

# स्वास्थ्य साथी योजना का लाभ मरीजों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार हुई सख्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य साथी परियोजना की शुरुआत की गयी थी। लेकिन इसके बाद भी ऐसे मामले देखे गए हैं, जिसमें मरीजों को स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। या फिर, कई मामलों में, अस्पताल में स्वास्थ्य साथी कार्ड प्रदान नहीं किया जाता है।

इन समस्याओं को देखते हुए इस बार राज्य सरकार ने सरकारी और निजी अस्पतालों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य साथी योजना के मरीजों को मिलने वाली सेवाओं को अस्पताल के डिस्प्ले में उल्लेख करना होगा। जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा होगी कि स्वास्थ्य साथी वाले मरीजों को अस्पताल द्वारा कौन सी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नवान्न की ओर से पहले ही यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया जा चुका है। ताकि सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में इलाज कराने आने पर मरीजों को परेशान न होना पड़े।

**TENDER NOTICE**
E-Tender for Construction of Community hall 1 no. have been invited by the under signed, details of which as noted below:
Bid Submission Start Date: 14.11.2024
Bid Submission Closing Date: 29.11.2024
Details can be collected from the website https://wbtenders.gov.in & Office Notice Board
Sd./-
**Executive Officer**
**Basanti Panchayat Samity Basanti, Sonakhali, South 24 Parganas**

**Balarampur Development Block**
P.O.-Rangadih, Dist.-Purulia, Pin-723143
**NOTICE INVITING 1No. E-TENDER WB/BDO/BLR NIeT-14/2024-25, 2nd Call Date-13.11.2024**
E-Tender are invited by the undersigned from the bonafied contractor for **01 no. Construction work under Balarampur Development Block.**
Period for downloading of bid documents **14.11.2024 from 10.00 A.M. to 27.11.2024 up to 6.55 P.M.** End date of submission of bid document up to **27.11.2024 to 6.55 P.M.** and the time & date of opening of Technical bid **on 30.11.2024 at 11.00 A.M.** The Financial bid to be notified.
For details intending participant may contact to the office of the undersigned or visit website **www.wbtenders.gov.in** in any working day before the last date for submission of bid documents.
Sd/-
Block Development Officer
Balarampur Development Block

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**
**खुली ई–निविदा सूचना**
संख्या– सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई–टेण्डर/19/0162 दिनांक 09/11/2024 । निम्नलिखित ई–निविदाओं को www.ireps.gov.in लिंक के अन्तर्गत देखा जा सकता है। ऐसे ई–निविदा के प्रस्ताव केवल www.ireps.gov.in →लॉगिन → ई–निविदा स्टोर्स/सप्लाई लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से सम्बन्धित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी सम्पर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, 0341-2525594 या एसएमएम/सीओएन/एचक्यू, 0341-2535631। कार्यालय का पता: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन का कार्यालय। क्र.सं.: [1]। निविदा संख्या: 91240951। मद का विस्तृत विवरण: डीआरजी. नं. SKEL-4732 ALT-1, एसपीईसीएन. नं: 4TMS.096.068 REV-2 ALT-1, STR नं: CLW/TM/18109 REV-1 के अनुसार स्कीम–II रोटर के लिए रोटर इन्ड रिंग। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। मात्रा: 1266.00 नग। जमा बयाना राशि (रुपये): ₹ 276370.00। निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय (आईएसटी): 02/12/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे।
PR2/698 पीसीएमएम/चिरेका/चित्तरंजन
"Like us on: www.facebook.com/clwrailways"

## रिपोर्ट मांगने पर स्पीकर ने राज्यपाल के अधिकार पर उठाया सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के अधिकार पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राज्यपाल को समझना चाहिए कि उनका अधिकारक्षेत्र कितना है। गुरुवार को विधानसभा स्पीकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के मौके पर एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि राज्यपाल को समझना चाहिए कि उनकी भूमिका क्या है? उन्होंने कहा कि सड़कों कई लोग बोलते रहते हैं कि अमुक को इस्तीफा देना चाहिए क्या वे उन सभी के इस्तीफे की मांग को लेकर रिपोर्ट की मांग करेंगे? दरअसल,



आरजीकर कांड में गिरफ्तार सिविक वॉलंटियर संजय राय ने सोमवार को सियालदह कोर्ट में दावा किया कि पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, डीसी स्पेशल ने मुझे फंसाया है। मैं नाम बता रहा हूं, उन्होंने मुझे फंसाने के लिए साजिश रची है। उन्हें पता है कि उन्होंने मुझे क्यों फंसाया है। उस शिकायत के मद्देनजर राज्यपाल ने उक्त आइपीएस अधिकारी के बारे में बुधवार को ममता सरकार से रिपोर्ट तलब की है।

# मुझे मारने के लिए रूस से मंगवाए गए हैं केमिकल्स : अर्जुन सिंह

### भवानी भवन में पूछताछ के बाद पूर्व सांसद ने ममता सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने गुरुवार को ममता सरकार पर उन्हें मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार ने रूस से अवैध केमिकल्स मंगवाए हैं, जिसे अगर किसी पर छिड़का जाए तो वह 5–6 महीने के भीतर मल्टी आर्गन फेल्योर से मर जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत चार लोग ममता सरकार के निशाने पर हैं। अर्जुन सिंह ने उस केमिकल्स का इस्तेमाल कैसे होगा यह भी बताया और कहा कि सीआईडी पूछताछ के दौरान उनके बैठने वाले कुर्सी–टेबल पर केमिकल



छिड़क दिया जाएगा। अगर अगले तीन–चार महीने में उन्हें कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदार सीआईडी होगी। दरअसल, इस दिन, सीआईडी ने साल 2020 में भाटपाड़ा नगरपालिका के चार करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार के मामले में अर्जुन सिंह से पूछताछ की। अर्जुन सिंह ने भाटपाड़ा नगरपालिका के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी से इन्कार किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं भाजपा से टीएमसी में शामिल हो जाता हूं, तो मुझे बुरे लड़के से अच्छा लड़का करार दिया जाएगा। लेकिन मेरे पास हिम्मत है, मैं ऐसा नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में कोई मामला नहीं उठा था. चार साल बाद 4 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ हुई है। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह एसोसिएट्स, जो 10 करोड़ रुपये मासिक श्रम भुगतान का भुगतान करता है, पर 4 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है।

**PWD (GOVT OF WB)**
**TENDER NOTICE**
**eNIT No.: 48/City(M) & 49/City(M) of 2024-25** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for 2 nos. work within Maidan area Kolkata are invited from bonafied bidders only having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **28.11.2024 at 15.00 hrs. Tender ID: 2024_PWD_769729_1 & 2024_PWD_769731_1** respectively. Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in.**
**Sd/-**
**Executive Engineer-I**
**City Division, P.W.D**

**OFFICE OF THE PURULIA-II PANCHAYET SAMITY**
Vill. Bongabari; P.O: V-Nagar, Dist: Purulia (W.B);
Mobile No: 8373068635 E-mail ID: bdoeopurulia2@gmail.com

e-Tender is being invited by the Block Development Officer, Purulia-II of village Bongabari, Post: V. Nagar, Dist: Purulia, for the developmental work under Purulia-II PS vide Tender Notice (eNIT) No: **WBPUR/EO/P- II/NIT(e)-09/2024-25 3rd Call,** under source of fund RIDF-XVIII: For more details requesting to follow the Office Notice Board, www.wbtenders.gov.inor may contact General Section of the undersigned on office day & time.
Sd/-
Executive Officer
Purulia-II Panchayet Samity

### नकली हार्पिक व लेबल बनाने के आरोप में एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** हांसखाली थाना अंतर्गत बड़ाबाजार इलाके से प्रवर्तन ब्रांच (ईबी) ने नकली हार्पिक व लेबल बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही, मौके से भारी मात्रा में नकली हार्पिक, लेबल, नकली हार्पिक बरामद किया गया है।

# ज्योतिप्रिय मल्लिक के अस्पताल में भर्ती किए जाने की जानकारी नहीं दिए जाने पर ईडी ने जताई नाराजगी

### पूर्व मंत्री को प्रेसिडेंसी जेल प्रबंधन ने अस्पताल में कराया है भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा**

राशन आवंटन भ्रष्टाचार मामले में आरोपित राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को अस्प–ताल में भर्ती किए जाने की जानकारी नहीं दिए जाने पर ईडी ने नाराजगी जताई है।

दरअसल, ज्योतिप्रिय मल्लिक को पिछले कुछ दिनों से कोलकाता के फूलबागान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री पिछले कुछ दिनों से सांस की समस्या जूझ रहे हैं। ज्योतिप्रिय को प्रेसिडेंसी जेल प्रबंधन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। राशन भ्रष्टाचार मामले की गुरुवार को बैंकशाल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने थोड़ी नाराजगी जताई क्योंकि उसे ज्योतिप्रिय के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में पहले से जानकारी नहीं दी गई थी। ईडी ने अदालत से कहा कि उसे इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी, भले ही यह शिष्टाचार का मामला था। पूर्व खाद्य मंत्री की जमानत के लिए उनके वकील ने गुरुवार को कोर्ट से गुहार लगाई, लेकिन ईडी ने इस पर आपत्ति जताई। जांच एजेंसी की ओर से लिखित जवाब भी दिया गया है।

ज्योतिप्रिय के वकील ने ईडी का जवाब पढ़ने के लिए कोर्ट से कुछ वक्त मांगा। इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को है। उल्लेखनीय है कि ज्योतिप्रिय को राशन भ्रष्टाचार मामले में पिछले साल अक्टूबर में ईडी ने गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद से कई शारीरिक समस्याएं सामने आई हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कई बार अस्पताल ले जाया गया। कभी ब्लड प्रेशर की समस्या तो कभी सीने में दर्द की वजह से उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। कभी उनका इलाज एसएसकेएम अस्प–ताल में हुआ तो कभी उनकी पसंद के निजी अस्पताल में। उनके वकील ने उनकी शारीरिक बीमारी का हवाला देते हुए पहले भी कई बार जमानत के लिए आवेदन किया था। लेकिन इसे मंजूरी नहीं मिली।

### बम की धमकी के बाद नागपुर–कोलकाता उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** नागपुर से कोलकाता जा रहे विमान में बम होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में उड़ान को आपात स्थिति में उतारा गया। इसमें 187 यात्री सवार थे। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो के विमान में बम होने की सूचना के बाद उसे रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि हवाई अड्डा प्राधिकरण ने सुबह लगभग 9.30 बजे पुलिस को सूचना दी कि उन्हें नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो के विमान '6ई812' में बम होने की जानकारी मिली है तथा विमान को रायपुर में उतारा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस दल हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गया। विमान की तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने विमान की तलाशी ली।

## आरजीकर अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर की छत गिरी, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गुरुवार को उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जब अस्पताल परिसर में स्थित ऑपरेशन थियेटर की छत अचानक गिर गई। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस दौरान ऑपरेशन थियेटर बंद था और वहां कोई भी मौजूद नहीं था। अस्प–ताल से जुड़े एक जूनियर डॉक्टर ने बताया कि जिस ऑपरेशन थियेटर की छत गिरी, उसकी हालत काफी समय से खराब थी। अस्पताल के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया है, लेकिन उनकी ओर से लगातार इसकी अनदेखी की गई। हालांकि, छत गिरने की घटना उस समय हुई, जब ऑपरेशन थियेटर




चालू नहीं था। अगर छत गिरने की घटना किसी ऑपरेशन के दौरान हुई होती तो वहां मौजूद मरीजों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की जान को खतरा हो सकता था। एक अन्य जूनियर डॉक्टर ने कहा कि इस ऑपरेशन थियेटर के अलावा, अस्पताल के सर्जरी विभाग में कई अन्य चिकित्सा कक्षों की स्थिति भी काफी खराब है। भविष्य में इसी तरह की दुर्घटनाओं को तब तक खारिज नहीं किया जा सकता है, जब तक इसकी पूरी तरह से मरम्मत और रखरखाव का काम नहीं हो जाता है।

## क्रिसमस से पहले 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना का मिलेगा पैसा

### 18 नवंबर तक पूरा किया जाएगा डोर–टू–डोर सर्वे

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार द्वारा बांग्लार बाड़ी परियोजना का पैसा उपभोक्ताओं के खातों में डालना शुरू करने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नवान्न ने बुधवार को सभी जिलों को घर–घर जाकर आवास योजना की तैयार सूची का सर्वे 18 नवंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया है। यानी जिनका नाम सूची में है, उन्हें घर–घर जाकर यह जांचना होगा कि क्या उन्हें वाकई बांग्लार बाड़ी परियोजना के लिए पैसे की जरूरत है। सूची को शुरुआत में 28 नवंबर तक अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक यह सूची ब्लॉक, एसडीओ व जिलाधिकारी कार्यालय में लगा दी जायेगी। यानी अगर सूची पर किसी को कोई आपत्ति हो तो समय के अंदर इसकी सूचना दी जा सकती है। इसके बाद 11 दिसंबर तक ग्राम स्तर पर ग्राम सभा इस सूची का अनुमोदन करेगी। ब्लॉक स्तरीय समिति 13 दिसंबर तक सूची का अनुमोदन करेगी। जिला स्तरीय समिति को 16 दिसंबर तक जिलों की समग्र सूची का अनुमोदन करेगी। जिससे 23 दिसंबर तक लाभार्थियों के खाते में धनराशि और पहली किस्त जारी करने की व्यवस्था की जा सकेगी। राज्य के पंचायत मंत्री प्रदीप मजूमदार ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशों के मुताबिक दिसंबर से उपभोक्ताओं के खाते में पैसा जमा कर दिया जाएगा। जिसकी तैयारी चल रही है।

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-05/24-25 (खुली), दिनांक 12.11.2024;** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, उत्तर 24-परगना, डाकघर-कांचरापाड़ा, पिन-743145 (पबं) द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अतीत में समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्रमांक 1. निविदा सं. : डब्ल्यूटी-13-24-25, कार्य का विवरण :** केपीएडब्ल्यू में - रोलिंग स्टॉक के लिए स्टैब्लिंग लाइन चालू करना एवं नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 1,27,46,566.78। **बयाना राशि:** रु. 2,13,700। **क्रमांक 2. निविदा सं. : डब्ल्यूटी-14-24-25, कार्य का विवरण :** केपीएडब्ल्यू में - ईएमयू, एमईएमयू, डीईएमयू, टी-कार, एनएसी, आईसीएफ कोचों की पेंटिंग के लिए बुनियादी सुविधा का विकास। **निविदा मूल्य:** रु. 4,23,84,474.10 **बयाना राशि:** रु. 3,61,900। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **एलओए जारी किए जाने की तारीख से समापन अवधि:** 12 महीने (क्रमांक 1 के लिए) तथा 15 महीने (क्रमांक 2 के लिए)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 06.12.2024 को अपराह्न 2.30 बजे के उपरांत। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विस्तृत विवरण भारतीय रेल की ई-टेंडरिंग साइट (आईआरईपीएस) **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **प्रस्ताव जमा अवधि:** निविदा खुलने के 15 दिन पहले। निविदा दिनांक 06.12.2024 को अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएगी तथा खोले जाने वाली कर्मियों एवं नेट की उपलब्धता के अनुसार निविदा उसी दिन अपराह्न 2.30 बजे के उपरांत किसी भी समय खोली जाएगी। (MISC-232/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# कोलकाता के ट्रैवल एजेंट से देश भर में यात्रा का टिकट खरीदते थे अलकायदा आतंकी

- **एनआईए का दावा, फर्जी पहचान पत्र दिखाकर कोलकाता के होटल में ठहरे थे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेशी अलकायदा आतंकी कोलकाता के न्यू मार्केट में एक ट्रैवल एजेंट की दुकान से देश भर में विभिन्न स्थानों की हवाई व ट्रेन यात्रा का टिकट खरीदते थे। उक्त ट्रैवल एजेंट ने आतंकियों को कोलकाता का सिम कार्ड भी मुहैया कराया था। पूर्व कोलकाता के बेनियापुकुर इलाके में एक फ्लैट में तलाशी के बाद एनआईए के हाथ यह सनसनीखेज जानकारी लगी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उक्त ट्रैवल एजेंट को पूछताछ के लिए तलब किया है। हालांकि, उसने अपनी दुकान बंद कर दी है और फिलहाल वह ऐप बाइक ड्राइवर है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल मई में गुजरात पुलिस की आतंक निरोधी शाखा ने चार बांग्लादेशी अलकायदा आतंकियों को गिरफ्तार किया था। बाद में, एनआईए ने इन्हें अपनी हिरासत में ले लिया। एनआईए को पता चला कि ये कुछ साल पहले बांग्लादेश की सीमा पार करके कोलकाता आए थे। वे यहां एक किराए के घर में रहते थे। वे फर्जी पहचान पत्र दिखाकर कोलकाता के होटल में भी ठहरे थे। अलकायदा ने उन पर देश के अलग–अलग राज्यों में जाकर उन लोगों से बात कर फंड इकट्ठा करने का दायित्व दिया जो आतंकी समूह से सहानुभूति रखते थे। इस काम के लिए ये चारों आतंकी देश के अलग–अलग राज्यों में जाने लगे। वहीं, वे इंटरनेट मीडिया पर संवाद के जरिए युवाओं का ब्रेन वाश करते थे। चारों के मोबाइल की जांच के बाद एनआईए अधिकारियों को कुछ मोबाइल नंबर मिले। उन्हें पता चला कि एक मोबाइल नंबर पर कई बार कॉल की गई थी। उस शख्स के मोबाइल नंबर के आधार पर एनआईए ने गत दिनों कोलकाता के बेनियापुकुर में एक फ्लैट में छापेमारी की।

हालांकि, फ्लैट में रहने वाले व्यक्ति ने एनआईए अधिकारियों को बताया कि युवक का मोबाइल नंबर उसके रिश्तेदार का ही है। अब युवक अपने परिवार के साथ पिकनिक गार्डन इलाके में रहता है। युवक की न्यू मार्केट इलाके में दुकान थी। उसी की दुकान से अलकायदा आतंकी देश भर में यात्रा का टिकट खरीदते थे। लेकिन लॉकडाउन के बाद युवक का कारोबार चौपट होने लगा। उसने दुकान बंद कर दी। युवक अब एप बाइक चलाता है। एनआईए अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उस युवक ने जानबूझकर अलकायदा आतंकियों की मदद की थी? इस मामले में और विस्तृत जानकारी हासिल करने के लिए उससे पूछताछ की जाएगी।

**डब्ल्यूबीपीएससी परीक्षा के लिए ईएमयू स्पेशल ट्रेन**

पश्चिम बंगाल पब्लिक सर्विस कमिशन, पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित **दिनांक 16.11.2024 (शनिवार) एवं 17.11.2024 (रविवार)** को आयोजित होने वाली **क्लर्कशिप परीक्षा (पार्ट-1), 2023** के लिए उम्मीदवारों/यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा-बर्द्धमान-हावड़ा अनुभाग में (वाया बैण्डेल एवं वाया डानकुनी) **दिनांक 16.11.2024 (शनिवार) तथा 17.11.2024 (रविवार)** को नीचे उल्लेखित ईएमयू स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित समय-सूची के अनुसार चलाई जाएंगी साथ में मार्ग में सभी स्टेशनों पर ठहरेगी:

**दिनांक 16.11.2024 (शनिवार) को ईएमयू स्पेशल**

**हावड़ा-बर्द्धमान-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 3 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 5 वाया बैण्डेल | | | | परीक्षा स्पेशल 2 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 4 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 6 वाया बैण्डेल |
| 13.32 | 18.57 | 15.40 | प्र | हावड़ा | आ | 07.10 | 08.15 | 08.08 |
| 13.54/13.55 | 19.19/19.20 | - | आ/प्र | डानकुनी | आ/प्र | 06.29/06.30 | 07.31/07.32 | - |
| - | - | 16.35/16.37 | आ/प्र | बैण्डेल | आ/प्र | - | - | 07.01/07.02 |
| 15.45 | 21.15 | 17.55 | आ | बर्द्धमान | प्र | 05.04 | 06.05 | 05.42 |

**हावड़ा-मेमारी-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 | परीक्षा स्पेशल 3 | परीक्षा स्पेशल 5 | | | | परीक्षा स्पेशल 2 | परीक्षा स्पेशल 4 | परीक्षा स्पेशल 6 |
| 07.50 | 13.00 | 19.10 | प्र | हावड़ा | आ | 07.15 | 12.40 | 17.35 |
| 09.50 | 15.00 | 20.52 | आ | मेमारी | प्र | 05.15 | 10.30 | 15.40 |

**बैण्डेल-मेमारी-बैण्डेल**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल-1 | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल-2 |
|---|---|---|---|---|
| 04.20 | प्र | बैण्डेल | आ | 22.20 |
| 05.01 | आ | मेमारी | प्र | 21.26 |

**दिनांक 17.11.2024 (रविवार) को ईएमयू स्पेशल**

**हावड़ा-बर्द्धमान-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 3 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 5 वाया बैण्डेल | | | | परीक्षा स्पेशल 2 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 4 वाया डानकुनी | परीक्षा स्पेशल 6 वाया बैण्डेल |
| 13.32 | 18.57 | 15.40 | प्र | हावड़ा | आ | 07.10 | 08.15 | 08.08 |
| 13.54/13.55 | 19.19/19.20 | - | आ/प्र | डानकुनी | आ/प्र | 06.29/06.30 | 07.31/07.32 | - |
| - | - | 16.35/16.37 | आ/प्र | बैण्डेल | आ/प्र | - | - | 07.01/07.02 |
| 15.45 | 21.15 | 17.55 | आ | बर्द्धमान | प्र | 05.04 | 06.05 | 05.42 |

**हावड़ा-मेमारी-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 | परीक्षा स्पेशल 3 | परीक्षा स्पेशल 5 | | | | परीक्षा स्पेशल 2 | परीक्षा स्पेशल 4 | परीक्षा स्पेशल 6 |
| 07.50 | 13.00 | 19.10 | प्र | हावड़ा | आ | 07.15 | 12.40 | 17.35 |
| 09.50 | 15.00 | 20.52 | आ | मेमारी | प्र | 05.15 | 10.30 | 15.40 |

**हावड़ा-बैण्डेल-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 | परीक्षा स्पेशल 3 | परीक्षा स्पेशल 5 | परीक्षा स्पेशल 7 | | | | परीक्षा स्पेशल 2 | परीक्षा स्पेशल 4 | परीक्षा स्पेशल 6 | परीक्षा स्पेशल 8 |
| 08.45 | 09.10 | 18.15 | 10.30 | प्र | हावड़ा | आ | 06.45 | 09.34 | 10.09 | 11.32 |
| 09.45 | 10.10 | 19.14 | 11.28 | आ | बैण्डेल | प्र | 05.40 | 08.28 | 09.08 | 10.30 |

**बैण्डेल-मेमारी-बैण्डेल**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल-1 | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल-2 |
|---|---|---|---|---|
| 04.20 | प्र | बैण्डेल | आ | 22.20 |
| 05.01 | आ | मेमारी | प्र | 21.26 |

**हावड़ा-श्रीरामपुर-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल-1 | ↓ | | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल-2 |
|---|---|---|---|---|
| 07.45 | प्र | हावड़ा | आ | 09.15 |
| 08.16 | आ | श्रीरामपुर | प्र | 08.40 |

**हावड़ा-सेवड़ाफुली-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा स्पेशल 1 | परीक्षा स्पेशल 3 | परीक्षा स्पेशल 5 | | | | परीक्षा स्पेशल 2 | परीक्षा स्पेशल 4 | परीक्षा स्पेशल 6 |
| 07.30 | 08.12 | 10.25 | प्र | हावड़ा | आ | 09.00 | 09.46 | 12.05 |
| 08.08 | 08.50 | 11.03 | आ | सेवड़ाफुली | प्र | 08.20 | 09.07 | 11.25 |

**हावड़ा-बारुईपाड़ा-हावड़ा**

| अप ईएमयू परीक्षा स्पेशल-1 | ↓ | स्टेशन | ↑ | डाउन ईएमयू परीक्षा स्पेशल-2 |
|---|---|---|---|---|
| 09.40 | प्र | हावड़ा | आ | 11.46 |
| 10.20 | आ | बारुईपाड़ा | प्र | 11.05 |

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल में मानव-हाथी संघर्ष : अवमाननायाचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

**नयी दिल्ली/कोलतताता :** उच्चतम न्यायालय ने अपने उन आदेशों के कथित उल्लंघन के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमति जताई, जिसमें राज्य के अधिकारियों को मानव बस्तियों या फसल के पास आने वाले हाथियों को भगाने के लिए आग के गोले का इस्तेमाल करने से रोकने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने पश्चिम बंगाल के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की। याचिकाकर्ता प्रेरणा सिंह बिंद्रा ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत द्वारा एक अगस्त, 2018 और चार दिसंबर, 2018 को पारित आदेशों का हवाला दिया है, जिसमें मानव-वन्यजीव संघर्ष और विशेष रूप से मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन के लिए कुछ राज्यों में इस्तेमाल किए जाने वाले क्रूर तरीकों को रेखांकित किया गया है।



अधिवक्ता शिबानी घोष के जरिये दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने एक अगस्त, 2018 के अपने आदेश में कहा था कि जहां भी हाथियों को भगाने के लिए कीलों या आग के गोलों का इस्तेमाल किया जाता है, उन संबंधित राज्यों को कीलों को हटाने और आग के गोलों का इस्तेमाल करने से बचने के लिए उपचारात्मक कदम उठाने चाहिए। याचिका में कहा गया है कि इन दो आदेशों के माध्यम से, इस अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को मानव बस्तियों और फसल के पास आने वाले हाथियों को भगाने के लिए आग के गोलों का इस्तेमाल करने से बचने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। इसमें कहा गया है कि शीर्ष अदालत द्वारा सीमित अवधि के लिए आपातकालीन उपाय के अलावा आग के गोलों या 'मशालों' का इस्तेमाल करने से बचने के स्पष्ट निर्देश के बावजूद, पश्चिम बंगाल में हाथियों को डराने और भगाने के लिए ऐसी क्रूर और बर्बर तकनीकों के इस्तेमाल की प्रथा जारी है। याचिका में 15 अगस्त, 2024 की उस घटना का हवाला दिया गया है, जब हाथियों का एक समूह पश्चिम बंगाल के झारग्राम शहर के बाहरी इलाके में एक कॉलोनी में घुस गया था। इसमें कहा गया है कि समूह के एक हाथी ने कथित तौर पर एक बुजुर्ग निवासी को मार डाला था। याचिका में कहा गया है कि हाथियों को डराने के लिए 'मशालों', नुकीली धातु की छड़ों, आग के गोले, ज्वलनशील वस्तुओं आदि का प्रयोग अत्यंत क्रूर और बर्बर है तथा इससे पशु को अत्यधिक मानसिक आघात और शारीरिक कष्ट होता है।

# मुख्यमंत्री ममता ने बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

**सिलीगुड़ी :** बाल दिवस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अलग मूड में दिखी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को दार्जिलिंग के चौरस्ता पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने बच्चों उपहार में चॉकलेट और खिलौने दी। दरअसल, मुख्यमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर बंगाल में है। रोज की तरह गुरुवार की सुबह मुख्यमंत्री रिचमंड हिल से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली और दार्जिलिंग चिड़ियाघर के सामने पहुंची। फिर, वहां से चौरस्ता गई। जहां अलग-अलग स्कूलों के बच्चों के साथ मुख्यमंत्री ने बाल दिवस मनाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ कुछ समय भी बिताई और चॉकलेट और खिलौने बांटी।



बाद में, मुख्यमंत्री दोपहर में दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी निकल गई। मुख्यमंत्री का शुक्रवार को कोलकाता लौटने का कार्यक्रम है।

## सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज का पीजीटी प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहा, मुख्य सचिव से की गई शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन कर सरकारी अस्पताल का पीजीटी प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहा है। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने इस घटना की शिकायत राज्य के मुख्य सचिव को सौंपी है। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से डॉ. अनिकेत दास ने कहा कि डॉ. मनोजीत मुख-ोपाध्याय सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज का पीजीटी है। वर्तमान में, सागर दत्ता में जो रेजिडेंट डॉक्टरों की एसोसिएशन बनाई गई है उसका नाम अध्यक्ष में शामिल किया गया है। राज्य स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार, सरकारी अस्पतालों में पीजीटी के रूप में काम करने वाले बाहर निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते है। लेकिन, वह उन सभी नियमों का पालन नहीं कर रहे है।

## श्री जैन विद्यालय बालिका विभाग ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय बालिका विभाग ने गुरुवार को बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने अनेक प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों का मनोरंजन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी घोषाल ने शिक्षिकाओं के प्रयास की सराहना की और बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाओं को बधाई दिया। साथ ही साथ बच्चों को भी बहुत बधाई दिया। विद्यालय कार्यालय से सोमन चक्रवर्ती एवं चंद्रदेव चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## एमडीजे कपल नं. वन के सीजन- 3 का ग्रैंड फिनाला संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** महाबीर डांवर ज्वेलर्स द्वारा रविवार को एमडीजे कपल नंबर 1 के सीजन 3 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभिनेत्री और मिसेज इंडिया यूनिवर्स ऋचा शर्मा, सेलिब्रिटी प्रेरक वक्ता नैना मोर, फैशन डिजाइनर ज्योति खेतान और ज्वेलरी डिजाइनर इंदु सोनी के साथ महाबीर डांवर ज्वैलर्स के निदेशक विजय सोनी, अरविंद सोनी, संदीप सोनी और अमित सोनी शामिल थे। यह कार्यक्रम विशेष तौर पर विवाहित जोड़ों के लिए पिछले 3 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। एमडीजे ने पिछले 6 सितंबर को कपल नंबर-1 के तीसरे सीजन की घोषणा की थी। यह कार्यक्रम पिछले दो महीने से चल रहा था। ग्रैंड फिनाले में शीर्ष 12 जोड़ों का चयन किया गया। इनमें से विजेता की सूची में प्रथम स्थान कीर्ति और आदित्य




कोठारी को प्राप्त हुआ। इस विजेता कपल को ग्रैंड प्राइज के रूप में वियतनाम की यात्रा का तोहफा दिया गया। वहीं, प्रथम रनर अप प्रिया व ऋषभ अग्रवाल और द्वितीय रनर अप सुष्मिता दे व अंकित सेठ रहे। इस मौके पर अरविंद सोनी और संदीप सोनी ने कहा कि हम अपने विजेताओं को वियतनाम की यात्रा का तोहफा देकर बेहत रोमांचित हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुरुष आदित्य जैन के शानदार पोशाकों के कलेक्शन में दिखेंगे, जबकि महिलाएं इस आयोजन में सिमाया द्वारा बेहतरीन डिजाइनों के कपड़ों में दिखेंगी। यह कार्यक्रम क्रेडो द्वारा समर्थित है, जिसका निर्देशन मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 उशोशी सेनगुप्ता ने किया है।

## संगीत सिखाने के नाम पर नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में संगीतकार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** संगीत सिखाने के नाम पर नाबालिग से यौन शोषण के आरोप में कोलकाता पुलिस ने एक संगीतकार को गिरफ्तार किया है। दक्षिण कोलकाता के चारु मार्केट थाने की पुलिस टीम ने आरोपित संजय चक्रवर्ती को मुंबई से गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, चारू मार्केट इलाके में एक म्यूजिक स्कूल है, जहां संजय चक्रवर्ती संगीत सिखाते हैं। पीड़िता नाबालिग लड़की यहां संगीत सीखने आती थी। दुर्गा पूजा से पहले नाबालिग के माता-पिता ने थाने में शिकायत की थी कि संजय चक्रवर्ती ने संगीत सिखाने के नाम पर नाबालिग का यौन शोषण किया। शिकायत दर्ज होने के बाद संजय मुंबई चले गए। वहां वे अपने



परिचित संगीतकार के घर पर रह रहे थे। बताया गया कि मुंबई में रहते हुए उन्होंने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए भी अर्जी दी थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। इसके बाद कोलकाता पुलिस की एक टीम ने मुंबई जाकर उनके परिचित एक संगीतकार के घर में छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## बड़ाबाजार स्थित श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में टैली लर्निंग इन्स्टीट्यूट का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाल दिवस पर श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय में टैली लर्निंग इन्स्टीट्यूट का उद्घाटन हुआ। विद्यालय सोसाइटी के अध्यक्ष भीखम चंद पुगलिया, ललानी कम्प्यूटर के चेयरमैन के.एल ललानी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मौके पर व्यॉज के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र नाहर, सचिव जयश्री डागा, स्कूल सोसायटी के मंत्री इंद्राज मल नाहटा, कोषाध्यक्ष प्रमोद बैद, व्यॉज के पूर्व अध्यक्ष पृथ्वी राज कोठारी, व्यॉज कमिटी के सदस्य के के नोलखा, प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य पर सभी ने अपने विचार रखे एवं सभी ने अध्यक्ष प्रकाश नाहर के इस दूरदृष्टि की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अध्यक्ष ने बताया कि आस पास के क्षेत्र मे यह पहला स्कूल है, जहां इस तरह की ट्रेनिंग न सिर्फ विद्यार्थियों को सर्टीफिकेट के साथ दी जा रही है बल्कि कोई भी व्यक्ति यहां से बहुत ही कम फीस मे अकाउंट्स का कोर्स करके नौकरी कर सकता है। आज टैली सीखने की उपयोगिता व जरुरत हर इंसान को है, इसी बात को ध्यान मे रखते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य





की कामना करते हुए सभी सभासदो, अतिथियों व उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ मैत्री जयश्री डागा ने कार्यक्रम की समाप्ति की।

## लोगों की जमीन हड़पने का विरोध करने के कारण पत्रकार को फंसाने का आरोप, अदालत ने रिपोर्ट मांगी

**कोलकाता/बीरभूम**

बीरभूम जिले के पारुई में सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण कर हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाने की शिकायत मिली थी। बताया जा रहा है कि एक पत्रकार ने शिकायत की कि उन्हें इस अतिक्रमण का विरोध करने पर झूठे मामले में फंसाया गया है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने आरोपी पत्रकार अभिषेक दत्त रॉय द्वारा दायर मामले में पुलिस रिपोर्ट तलब की। बताया गया है कि फिलहाल पारुई थाने की पुलिस उस व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। हालांकि, कलकत्ता हाई कोर्ट ने जांच जारी रखने का आदेश दिया है। वहीं, हाउसिंग प्रोजेक्ट बनाने वाले कंपनी का आरोप है कि याचिकाकर्ता वहां आंदोलन के नाम पर लोगों के रंगदारी करता था और लोगों को भड़काता था। राज्य के जिलाधिकारी के आदेश से फिलहाल उस प्रोजेक्ट का काम रोक दिया गया है। पुलिस रंगदारी के आरोपों की जांच जारी रखे हुए है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में सीसीटीवी फुटेज या ऑडियो रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया है।

## डाबर च्यवनप्रकाश शुगरफ्री ने नया अभियान 'आपका अंगरक्षक' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** डाबर इंडिया द्वारा डाबर च्यवनप्रकाश शुगरफ्री ने विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में 'आपका अंगरक्षक' के साथ एक मेगा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू किया। अभियान का उद्देश्य प्रतिरक्षा की आवश्यकता और रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने, स्वस्थ भोजन करने और फिट रहने के साथ-साथ मधुमेह रोगी के लिए महत्वपूर्ण अंगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आईसीएमआर के एक अध्ययन के अनुसार, लगभग 4 में से 1 भारतीय या तो मधुमेह से पीड़ित है या पूर्व-मधुमेह से पीड़ित है। इसे ध्यान में रखते हुए, डाबर च्यवनप्रकाश शुगरफ्री ने एक स्वास्थ्य पूरक के रूप में यह अभियान शुरू किया है। नया टीवीसी इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे डाबर च्यवनप्रकाश शुगरफ्री, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और प्रतिरक्षा बढ़ाने की क्रिया होती है, मुक्त कणों को बेअसर करने और आपके महत्वपूर्ण अंगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद करता है।

## चामाग्राम में फोर्स्ड लेआउट के सुधार के साथ ट्रेन सुरक्षा और गति में वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने चामाग्राम में प्वाइंट नंबर 66बी के फोर्स्ड लेआउट के सुधार को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जो बेहतर ट्रेन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अपनी चल रही प्रतिबद्धता में एक और मील का पत्थर है। इस लेआउट का सुधार ट्रेन संचालन और यात्री सुरक्षा दोनों पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा। इस कार्य में प्वाइंट नंबर 66बी को 1.38 मीटर तक स्थानांतरित किया गया। जो की एक जटिल ऑपरेशन था जिसके लिए सावधानीपूर्वक योजना और निष्पादन की आवश्यकता थी। इस कार्य में एक सहज और अधिक विश्वसनीय ट्रैक संरचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई प्रमुख गतिविधियां शामिल थी। सुधार कार्य के भाग के रूप में निम्नलिखित प्रमुख कार्य किए गए। जिसमें 4 रेलों का प्रतिस्थापन, 2 ग्लूड ज्वाइंट्स का इंस्टॉलेशन, 6 नये स्लीपरों की नियुक्ति, ट्रैक सरेखण, 7 रेल ज्वाइंट्स की वेल्डिंग आदि शामिल है। इस परियोजना के सफल समापन से ट्रेन संचालन की सुरक्षा को बढ़ाता है। फोर्स्ड लेआउट को सही करने के साथ, ट्रेनें उच्च औसत गति से संचालित हो सकेंगी। जिससे यात्रा का समय कम होगा और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी। पूर्व रेलवे सुरक्षा, परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए नि:शुल्क मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने लायंस क्लब इंटरनेशनल के साथ मिलकर गुरुवार को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर यात्रियों के लिए निशुल्क मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान श्यामबाजार से शहीद खुदीराम तक ब्लू लाइन के बीस मेट्रो स्टेशनों पर निशुल्क मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मेट्रो यात्रियों ने हिस्सा लिया और ब्लड शुगर लेवल की जांच की। ब्लड शुगर के परीक्षण के लिए शहर के प्रतिष्ठित अस्पतालों के डॉक्टर विभिन्न स्टेशनों पर मौजूद थे। उन्होंने इन शिविरों में आने वाले यात्रियों के ब्लड शुगर लेवल की जांच की और साइलेंट किलर मधुमेह पर अंकुश लगाने के लिए बहुमूल्य सलाह दी। इसके अलावा, सभी मेट्रो स्टेशनों पर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए इन शिविरों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# त्योहारों के पीक सीजन के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए बढ़ायी गयी ट्रेन सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करते हुए अक्टूबर 2024 में कई रणनीतिक कदम उठाए। शुरू की गई प्रमुख पहलों में त्योहारी भीड़ के दौरान चरम मांग को संबोधित करने के लिए ट्रेन सेवाओं में वृद्धि, नई ट्रेनों की शुरूआत, गति में वृद्धि और अस्थायी कोच जोड़ना शामिल है। ये कदम न केवल व्यस्ततम मार्गों पर यात्रा के बोझ को कम करने के लिए बल्कि पूरे त्योहारी सीजन में यात्रियों के लिए एक सहज और आरामदायक अनुभव बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यात्री सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए, उतार-चढ़ाव वाली यात्रा मांगों को पूरा करने के लिए 494 ट्रेन ऑन डिमांड सेवाएं चलाई गईं। इसमें शामिल 229 ट्रेनें प्रमुख स्टेशनों पर आरंभ/समाप्त हो रही हैं, 178 ट्रेनें महत्वपूर्ण स्थानों से गुजर रही हैं, 87 गुजरने वाली ट्रेनों ने व्यस्त मार्गों पर भीड़ कम करने में मदद की है। इसके अलावा, अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए 309 अस्थायी कोच संवर्द्धन शुरू किए गए, जिससे उच्च मांग वाले दिनों के दौरान यात्री सुविधा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने प्रमुख ट्रेनों में नए कोच बढ़ाकर क्षमता में स्थायी सुधार के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। विशेष रूप से, 12325/12326 (कोलकाता-नांगलडैम-कोलकाता एक्सप्रेस) और 13137/13138 (कोलकाता-आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस) ट्रेनों में स्थायी रूप से 4 स्लीपर क्लास कोच और 1 एसी 3 टियर कोच को जोड़ा गया है।

### बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नई ट्रेनों की शुरूआत

पूर्व रेलवे ने बढ़ती यात्रा की मांग को पूरा करते हुए दो प्रमुख नई ट्रेनें शुरू की है। 9 अक्टूबर को लॉन्च की गई 14050/14049 दिल्ली-गोड्डा साप्ताहिक एक्सप्रेस दिल्ली और गोड्डा के बीच एक महत्वपूर्ण नया लिंक प्रदान करती है। 10 अक्टूबर को शुरू की गई 13428/13427 साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस साहिबगंज और हावड़ा के बीच यात्रियों के लिए एक तेज और अधिक कुशल यात्रा विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने कई मेमू, डेमू और कॉन्वॉय पैसेंजर ट्रेनें शुरू की हैं। जिसमें 03020/03019 अजीमगंज-कृष्णानगर-अजीमगंज कन्वी पैसेंजर, 03012/03011 अजीमगंज-कोसिमबाजार-अजीमगंज मेमू पैसेंजर, 03014/03013 अजीमगंज-कोसिमबाजार-अजीमगंज मेमू पैसेंजर, 03016/03015 अजीमगंज-कोसिमबाजार- अजीमगंज मेमू पैसेंजर शामिल है। यात्रा के समय को कम करने और परिचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कदम में, दो हाई-प्रोफाइल ट्रेनों की गति बढ़ा दी गई है। इसमें 18183/18184 टाटा-बोकारो एक्सप्रेस और 12023/12024 हावड़ा-पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस शामिल है जो अब 130 किमी प्रति घंटे की अधिकतम अनुमेय गति (एमपीएस) पर चलती हैं, जो पिछली गति 110 किमी प्रति घंटे से अधिक है।

## तपन सिन्हा मेमोरियल अस्पताल में विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे द्वारा गुरुवार को विश्व मधुमेह दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम बाधाओं को तोड़ना, अंतराल को पाटना रखा गया है। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर तपन सिन्हा मेमोरियल अस्पताल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी (पीसीएमओ) डॉ. अमिताव दत्ता, अन्य डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिक्स और मधुमेह रोगी उपस्थित थे। इस दौरान मेट्रो रेलवे के एसीएमएस डॉ. ए.के. प्रसाद द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन की मदद से मधुमेह पर विस्तृत चर्चा की गई। मधुमेह में चिकित्सीय पोषण चिकित्सा पर भी डॉ. प्रसाद ने उदाहरण सहित विस्तार से चर्चा की। इसके बाद, वहां मौजूद दर्शकों के साथ इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक लोग शामिल हुए। पीसीएमओ डॉ. ए.दत्ता द्वारा सत्र का समापन किया गया।

## वाटगंज में महिला का शव बरामद



**कोलकाता :** वाटगंज थाना अंतर्गत मुंशीगंज रोड स्थित एक घर से महिला का शव बरामद किया गया है। मृतका की पहचान दीपा हाजरा (42) के रूप में की गयी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 6.15 बजे सूचना मिली कि महिला ने आत्महत्या की है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि महिला दुपट्टा के सहारे बांस से लटकी हुयी है। पुलिस ने महिला को उतार कर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अहिंसा: विश्व शांति का एकमात्र विकल्प : तेरापंथ जैन समाज का संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशीष्य मुनिश्री जिनेश कुमार ठाणे-3 ने साउथ हावड़ा में चातुर्मास के दौरान अपने प्रेरणादायक प्रवचनों से धर्म के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। चातुर्मास के सफल समापन के बाद, मुनिश्री अब अगले चातुर्मास तक जैन धर्म का प्रचार करने के लिए आठ महीने की यात्रा पर हैं। इसी क्रम में, इस माह की 17 और 18 तारीख को विश्व शांति में अहिंसा की भूमिका विषय पर एक विशेष दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जगमोहन सिंह गिल, डॉ. फोड हलीम, रेवरेंड मार्टिन अरुण पाखरे, दीपांकर बसु और मुंबई के कस्टम एवं अप्रत्यक्ष कर के कमिश्नर अशोक कुमार पी. कोठारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां अपने विचार साझा करेंगी।

यह आयोजन दक्षिण हावड़ा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें स्टार 21 का विशेष योगदान और प्रेरणा शामिल है। स्टार 21 एक गैर-लाभकारी संस्था है, जिसकी स्थापना 40 वर्ष पूर्व मॉर्निंग वॉक करने वाले दोस्तों के समूह के रूप में हुई थी। यह समूह अब एक परिवार का रूप ले चुका है और समाज सेवा की दिशा में निरंतर कार्यरत है। पूर्व अध्यक्ष महेंद्र बच्छावत ने बताया कि स्टार 21, तेरापंथ जैन धर्म के सिद्धांतों और जैन गुरुओं के मार्गदर्शन को ध्यान में रखकर समाज सेवा को अपने प्रमुख उद्देश्य के रूप में अपना रहा है। यह कार्यक्रम जेआईएस परिसर में आयोजित हो रहा है, जो भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक है और पश्चिम बंगाल में इसकी विशेष उपस्थिति है। यह संस्था लगभग 40 हजार छात्रों को उच्च शिक्षा का लाभ प्रदान कर रही है। मुनिश्री जिस परिसर में आ रहे हैं, वहां एक अत्याधुनिक मेडिकल सिटी के निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें मेडिकल कॉलेज आंशिक रूप से कार्यरत है। भविष्य में इस परिसर में 32 लाख वर्ग फुट का निर्माण होगा, जिसमें 2000 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल और हेलिपैड जैसी सुविधाएं होंगी।

इस कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का संचालन जेआईएस के संयुक्त प्रबंध निदेशक और स्टार 21 के अध्यक्ष हरंजीत सिंह द्वारा किया जा रहा है। हरंजीत सिंह ने कहा, जैन धर्म केवल एक धर्म नहीं है, बल्कि एक जीवन शैली है। वर्तमान समय में यह सबसे व्यावहारिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने मुनिश्री के प्रवचनों से प्रेरित होकर सभी अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोगों से इस जीवन परिवर्तक अनुभव का हिस्सा बनने के लिए जेआईएस परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया। साथ ही, मुनिश्री के जेआईएस प्रांगण में पधारने से ठीक पहले 2028 में आचार्य महाश्रमण जी के पंजाब में आगमन की स्वीकृति एक उत्साहजनक खबर है।

## हावड़ा स्टेशन पर उन्नत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य इकाई का स्थानांतरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के स्वास्थ्य इकाई को गुरुवार को हावड़ा स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर शेड नंबर 1 में स्थानांतरित कर दिया गया। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सेवा बढ़ाने के लिए इन उन्नत सुविधा का उद्घाटन डीआरएम संजीव कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देबाशीष गुहा और वरिष्ठ सलाहकार (स्वास्थ्य) डॉ. अचिंत्य सान्याल की उपस्थिति में किया। इस पुनर्निर्मित स्वास्थ्य इकाई को यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करने, साइट पर सुलभ और कुशल स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। ईसीजी, ओपीडी और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाओं के साथ, यूनिट विभिन्न चिकित्सा



आवश्यकताओं को संभालने के लिए सुसज्जित है। यात्रा के दौरान दुर्घटनाओं और बीमारियों के मामले में, वास्तविक यात्रियों को तत्काल सहायता मिल सकती है। यहां पर रोगियों को आवश्यक दवाएं वितरित करने के लिए फार्मेसी, घाव या छोटी चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए सुसज्जित ड्रेसिंग रूम, ग्लूकोमीटर और नेब्युलाइजर, आपातकालीन श्वसन सहायता के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर जैसी जरूरी आपात व्यवस्था मौजूद है। यह पहल यात्रा के दौरान चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले रेलवे लाभार्थियों और रेल यात्रियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# फर्जी कंपनी बनाकर 10 करोड़ की धोखाधड़ी, बैंक मैनेजर समेत 7 गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बागदा थाना की पुलिस ने करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में एक बैंक मैनेजर समेत कुल सात जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि जालसाजों ने ऑनलाइन गेमिंग, शेयर बाजार समेत कई साइबर धोखाधड़ी के जरिए ठगी की है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि 23 फर्जी कंपनियां खोली गईं जिसके नाम पर करीब 10 करोड़ की धोखाधड़ी की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इसी महीने की 8 तारीख को बागदा थाने की पुलिस ने सिंद्रानी इलाके में छापेमारी कर साइबर ठगी के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया। हिरासत में लिए गए लोगों की 8 दिन की पुलिस हिरासत में पूछताछ के बाद, पुलिस ने एक निजी बैंक के वाणिज्यिक संबंध प्रबंधक अरिंदम विश्वास को गिरफ्तार कर लिया।

बनगांव पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से कई जमीन के दस्तावेज, कई बैंकों के पासबुक, 116 एटीएम कार्ड, महंगी कारें, 90 सरकारी और निजी संस्थानों के स्टांप समेत कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जिसे अलग-अलग जगह दिखाकर 23 कंपनियां खोली गई। उन्होंने बैंक मैनेजर अरिंदम की मदद से उन कंपनियों के नाम पर बैंक खाते खोलकर करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी की। देश के विभिन्न हिस्सों में इन खातों के नाम पर अब तक 204 साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। ठगी का यह सिलसिला बागदा के सिंद्राणी इलाके से चल रहा था। इस मामले की जांच जारी है।

## शिवपुर में एक निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती नहीं किए जाने पर फैला तनाव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर में एक निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती नहीं किए जाने को लेकर तनाव फैल गया। बाद में, मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। मरीज के परिजनों ने शिकायत की कि दोपहर करीब 12.30 बजे जुबेदा बेगम (65) को सांस लेने में तकलीफ के कारण गंभीर हालत में निजी अस्पताल लाया गया था। लेकिन, कथित तौर पर अस्पताल प्रशासन ने उसे भर्ती किए बिना ही इमरजेंसी में रख दिया। शाम करीब 4 बजे परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए। कथित तौर पर, अस्पताल स्वास्थ्य साथी कार्ड पर एडमिशन नहीं लेना चाहता था। बेड उपलब्ध होने के बावजूद मरीज को




भर्ती नहीं लिया गया। इस घटना से अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया। सूचना पाकर मौके पर हुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। दूसरी तरफ, अस्पताल के अधिकारियों ने शिकायत से इनकार किया और कहा कि बिस्तरों की कमी के कारण प्रवेश नहीं लिया जा सका। लेकिन इमरजेंसी में इलाज किया गया। साथ ही, स्वास्थ्य साथी में एडमिशन न लेने के आरोपों को अधिकारियों ने नकारा है।

### ऑनलाइन लीगल सर्विस वेबसाइट के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले को खारिज करने की याचिका खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकार्ट ने ऑनलाइन लीगल सर्विस वेबसाइट के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले को खारिज करने की याचिका को खारिज कर दी है। ऑनलाइन लीगल इंडिया नाम की वेबसाइट पर कई लोगों से ठग करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं मिलता, बल्कि अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस अजय कुमार गुप्ता कर रहे हैं। शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों के जांच अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए बयान के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि एजेंसी ने कई लोगों को धोखा दिया है। फिलहाल मामले की जांच अभी भी जारी है। इस कारण कोर्ट ने कहा कि शिकायत को खारिज नहीं किया जा सकता है।

## राज्य सरकार ने बढ़ाया 'कर्मबंधु' का वेतन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार के अधीन 'कर्मबंधु' का भत्ता बढ़ा दिया गया है। नवान्न के वित्त विभाग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी की। जिसमें उल्लेख है कि अब से 'कर्मबंधुओं' को 3 हजार प्रति माह की जगह 5 हजार रुपये का भत्ता मिलेगा। अधिसूचना के मुताबिक, नई संरचना इस साल 1 सितंबर से प्रभावी है। जिसके आधार पर अब भत्ता दिया जायेगा। बता दें कि 2018 में 'कर्मबंधु' के भत्ते की संरचना के अनुसार 3 हजार रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। इस पद पर काम करने वाले मुख्य रूप से हेल्पर के तौर पर काम करते हैं। वे बतौर सफाईकर्मी या नाईट गार्ड के रूप में काम करते हैं। मूल रूप से,



राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में मदद के लिए इस पद के लिए कर्मचारियों की भर्ती शुरू की। 2018 में उनका भत्ता 3 हजार रुपये प्रति माह था। इस बार 6 साल बाद भत्ता बढ़ाया गया है और अब से उन्हें प्रति माह 5 हजार रुपये मिलेंगे। अधिसूचना के अनुसार, नई भत्ता संरचना 1 सितंबर से प्रभावी है। यानी इस बार का वेतन पिछले दो महीने के अतिरिक्त वेतन के साथ मिलेगा।

## बीएसएफ ने एक ही दिन में सोने की तस्करी के दो प्रयासों को विफल किया

❑ **79.61 लाख रुपये मूल्य का एक किलो सोना जब्त, दो गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत उत्तर 24 परगना जिले में भारत- बांग्लादेश सीमा पर स्थित एकीकृत जांच चौकी (आइसीपी) पेट्रापोल में तैनात 145वीं बटालियन के जवानों ने बुधवार को एक ही दिन में सोने की तस्करी के दो प्रयासों को विफल कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें एक भारतीय यात्री को दो सोने की तार एवं एक ट्रक चालक को पांच बिस्कुटों के साथ दबोचा गया। बीएसएफ ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि सोने को बांग्लादेश से तस्करी कर भारत लाया जा रहा था। पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए जवानों ने यह



सफलता हासिल की। सोने की पतली तारें बांग्लादेश से आ रहे एक यात्री के ट्राली बैग के हैंडल से जबकि सोने के बिस्कुट ट्रक के केबिन से बरामद हुए। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8.50 बजे जवानों ने नियमित जांच के दौरान एक भारतीय यात्री को रोका, जो वीजा-पासपोर्ट के जरिए वैध तरके से बांग्लादेश से भारत लौट रहा था। उसके सामान की जांच करते समय ट्राली बैग के स्लाइडिंग हैंडल ट्यूब के अंदर कुछ संदिग्ध सामान होने का संदेह हुआ। ट्राली बैग का हैंडल खोलने पर दो सोने के तार बरामद हुए। उसी दिन दूसरी घटना में निर्यात का माल पहुंचाकर बांग्लादेश से वापस लौट रहे एक खाली ट्रक में सोना छिपाकर लाए जाने की खुफिया सूचना पर जवानों ने संदिग्ध ट्रक को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान ड्राइवर के केबिन से पांच सोने के बिस्कुट बरामद हुए। इसके बाद ड्राइवर को गिरफ्तार कर सोने व ट्रक को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार यात्री व ट्रक चालक को जब्त सोने के साथ आगे की कार्यवाही के लिएसीमा शुल्क विभाग, पेट्रापोल को सौंप दिया गया है।

## शालीमार स्टेशन के पार्किंग में फिर से हंगामा, ट्रेन पकड़ने आए यात्री को पीटा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शालीमार स्टेशन के पास पार्किंग क्षेत्र में फिर से तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मुंबई जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए पहुंचे यात्री के साथ मारपीट की गई। मिली जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति मुंबई जाने के लिए शालीमार स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए आया था। वह व्यक्ति अपनी कार को पार्किंग में लेकर गया, लेकिन तुरंत बाहर निकल गया। इस दौरान पार्किंग में काम कर रहे लोगों ने उसे रोक लिया और पैसे मांगने लगे। पार्किंग में नहीं रुकने के कारण व्यक्ति ने पैसे देने से मना कर दिया। जिसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि पैसे नहीं देने के कारण यात्री को बुरी तरह पीटा गया। हावड़ा सिटी पुलिस के आयुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले की जांच जारी है।

## हाईकोर्ट ने न्यूटाउन के आईसी के खिलाफ न्यायिक जांच के दिए आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाईकोर्ट एक प्रमोटर को बचाने में न्यू टाउन के आईसी की भूमिका से नाराज है। कोर्ट ने आईसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया। वहीं, एक अन्य मामले में नारायणपुर थाना क्षेत्र में एक जमीन के टुकड़े पर कब्जा को रोकने के लिए मालिक ने थाने में शिकायत दर्ज करायी। कोर्ट ने राजारहाट स्थित घर जाकर पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर और कोर्ट को गुमराह करने पर फटकार लगायी। न्यायाधीश ने सरकारी वकील को चेतावनी देते हुए कहा कि आईसी को इतने महत्वपूर्ण पुलिस स्टेशन का प्रभारी होने का कोई अधिकार नहीं है। आईसी को पद से हटाने



के लिए कहें, नहीं तो अदालत हटाने का आदेश देगी। दोनों मामलों में, न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने प्रमोटरों या भू-माफियाओं की ओर से पुलिस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने विधाननगर पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया कि वे न्यू टाउन के आईसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करें और इस संबंध में अगली सुनवाई में कोर्ट को सूचित करें। वहीं, एक अन्य मामले में विधाननगर के नारायणपुर थाना क्षेत्र में तीन कट्ठा जमीन पर अचानक कब्जा कर लिया गया। उस जमीन पर एक बोर्ड लगा कर घोषणा कर दी गयी कि यह जमीन बेचने के लिए नहीं है। वहां रातों-रात साइकिल गैराज बन दिया गया। जब जमीन के मालिक ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसे पीटा गया और इलाका छोड़ने की धमकी दी गयी। उन्होंने नारायणपुर थाने में शिकायत दर्ज करायी। इस बीच, राजारहाट थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर कई बदमाशों ने हमला बोल दिया। इस घटना की शिकायत राजारहाट थाने में दर्ज करायी गयी थी।

## खड़े कंटेनर से टकराई पूल कार, एक छात्रा सहित दो घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में एक बार फिर सड़क हादसे की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह धापा रोड पर खड़े कंटेनर से एक पूल कार की टक्कर हो गई, जिसमें एक छात्रा सहित दो लोग घायल हो गए। इस हादसे में घायल चालक का नाम राजू दास (22) और छात्रा का नाम अंकिता पाल (15) है। जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 10.30 बजे धापा रोड पर खड़े एक कंटेनर से पूल कार की टक्कर हो गई। उस समय कार में कुछ छात्राएं सवार थीं। इस टक्कर से कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक और छात्रा को तुरंत नीलरतन सरकार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रगति मैदान थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। चालक का कहना है कि अचानक कार का स्टेयरिंग काम करना बंद कर दिया, जिससे नियंत्रण खो गया और कार सड़क के किनारे खड़े कंटेनर से जा टकराई। इस घटना से छात्राएं सहम गईं। पुलिस ने बताया कि दोनों की चोटें गंभीर नहीं हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## हिंसा की राजधानी बन गई है पश्चिम बंगाल : गिरिराज सिंह

**कहा... ममता एक खास समुदाय के लिए ही करती हैं काम**

**कोलकाता/बेगूसराय :** हमेशा बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ तने रहने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने एक बार उनके खिलाफ मोर्चा खोला है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल हिंसा की राजधानी बन गई है। इसके साथ ही कर्नाटक के मुख्यमंत्री की ओर से ऑपरेशन लोटस चलाए जाने के आरोप पर गिरिराज ने कहा कि जो सीएम खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, वे ऐसी बातें करते हैं तो ठीक नहीं है।स्विट्जरलैंड में एक जनवरी 2025 से बुर्का बैन पर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल तो हिंसा की राजधानी बन गई है। पश्चिम बंगाल की



सरकार वहां कानून अपने पॉकेट में रखे हुए हैं। एक खास समुदाय मुसलमान के लिए ही वह राज्य की सरकार काम करती है ममता बनर्जी।लगता है कि आने वाले दिन में पश्चिम बंगाल बांग्लादेश के रूप में परिवर्तित हो जाएगा। इसके साथ ही बंगाल में ईडी की रेड के सवाल पर कहा कि अपना काम कर रही है।सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के उस बयान पर हमला बोला, जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा ऑपरेशन लोटस चला रही है। विधायकों को खरीदने के लिए 50 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि सिद्धारमैया खुद भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और निर्लजता की सीमा पार कर गए हैं।गिरिराज सिंह ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री खुद भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त हैं। अभी तक वह निर्लज्जता की सीमा पार कर गए हैं। कर्नाटक पूरे देश में तुष्टीकरण के पराकाष्ठा की राजनीति कर रही है। टेंडर में भी अगर मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया जाए तो इसे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा।

## दो महीने से फिल्टर खराब, जादवपुर में दूषित पानी पीने से छात्र पड़े बीमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर हॉस्टल से एक शिकायत सामने आयी है। आरोप है कि हॉस्टल का फिल्टर दो महीने से खराब है, जिस कारण दूषित पानी पीने की वजह से कुछ छात्र बीमार पड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, हॉस्टल के पानी का परीक्षण करने पर बैक्टीरिया की हानिकारक उपस्थिति पाई गई थी। यह भी आरोप लगाया गया है कि मामले की सूचना देने के बावजूद अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार स्नेहमंजू बसु ने कहा, 'इस बात का कोई सबूत नहीं है छात्र हॉस्टल का पानी पीने से बीमार हुए हैं। फिल्टर को लेकर शिकायतें मिलने के बाद तमाम तरह के कदम उठाए गए हैं। नियमित जांच कराने की भी बात कही गयी है। इस विषय




पर 12 नवंबर को हॉस्टल निवासियों और अधिकारियों के साथ चर्चा की गई थी। जिसके बाद, पानी के ड्रम को छात्रावास में रखने का निर्णय लिया गया था। बुधवार को हॉस्टल में पीने के पानी के ड्रम रखवाए गए। जादवपुर यूनिवर्सिटी की मेडिकल ऑफिसर मिताली देव ने कहा, 'करीब चार से पांच छात्र बीमार पड़ गए हैं। बाहर का खाना खाने के कारण भी वे बीमार पड़ सकते हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है। फिलहाल सब कुछ ठीक है।'

## बांसबेरिया के कार्तिक पूजा में तीसरी आंख से होगी निगरानी



**हुगली :** जगद्धात्री पूजा संपन्न हो गयी। अब घड़ी कार्तिक पूजा की है। ऐसे में बांसबेरिया कार्तिक पूजा विश्व प्रसिद्ध माना जाता है। शनिवार को कार्तिक पूजा है। आज उक्त अवसर पर आज हंसेश्वरी मंदिर के तत्वाधान में कार्तिक पूजा गाइड मैप जारी किया गया। संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि कार्तिक पूजा के दौरान सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। पूजा मंडपों में सीसीटीवी कैमरों की बाध्यता होगी। चुंचुड़ा में 28, और मोगरा में 43 कार्तिक पूजा का आयोजन हो रहा है। पूजा के चार दिनों तक में पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी चौकसी रहेगी। वहीं डीजे पर रोक लगी हुई है। आज बांसबेरिया नगर पालिका के चेयरमैन आदित्य नियोगी, चुंचुड़ा नगर पालिका के चेयरमैन अमित राय, सप्तग्राम विधानसभा के विधायक तपन दासगुप्ता, सहित एएसपी कल्याण सरकार, एसडीओ स्मिता सन्याल शुक्ला, एसीपी सुमन चटर्जी, वरीय पुलिस अधिकारी रमेश्वर ओझा व अन्य मौजूद रहे।

# विदेश की खबरें

## युद्ध के बीच आईएईए प्रमुख का ईरान दौरा, ट्रंप की वापसी से चिंता बढ़ी

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत और कूटनीति की गुंजाइश कम होती जा रही है क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध जारी है और डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद व्हाइट हाउस में वापस आ रहे हैं। आईएईए प्रमुख राफेल मारियानो ग्रॉसी ईरान के परमाणु कार्यक्रम तक अपने निरीक्षकों की पहुंच बहाल करने और इस पर अब भी लंबित प्रश्नों के जवाब के प्रयास में तेहरान का दौरा कर रहे हैं।



उनकी पिछली यात्राओं के दौरान उन्हें सीमित सफलता मिली थी। दरअसल, ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर अपने पिछले कार्यकाल के दौरान विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा रूप से हटा लिया था। हालांकि, ग्रॉसी और उनके ईरानी समकक्ष मोहम्मद इस्लामी द्वारा संवाददाता सम्मेलन में की गई टिप्पणियों से पता चलता है कि अब भी काफी अंतर मौजूद हैं। ग्रॉसी ने कहा, हम जानते हैं कि इस समय कुछ ठोस, मूर्त और दृश्यमान परिणाम प्राप्त करना अपरिहार्य है, जो यह दर्शाएगा कि यह संयुक्त कार्य स्थिति में सुधार ला रहा है, चीजों को स्पष्ट कर रहा है और सामान्य अर्थों में यह हमें संघर्ष और अंततः युद्ध से दूर ले जा रहा है। साल 2018 में समझौते के टूटने के बाद से, ईरान ने अपने कार्यक्रम को लेकर किसी भी सीमा का पालन करना छोड़ दिया है, और यूरेनियम को 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धन किया है जो हथियार बनाने के लिए 90 प्रतिशत के स्तर के करीब है। ग्रॉसी ने कहा कि आईएईए और ईरान के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा, तथ्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय तनाव और क्षेत्रीय तनाव मौजूद हैं - इससे पता चलता है कि बातचीत और कूटनीति के लिए गुंजाइश बढ़ नहीं रही है, बल्कि कम होती जा रही है। ग्रॉसी ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची से मुलाकात की, जिन्होंने बाद में 'एक्स' पर लिखा सहयोग और बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाया जा सकता है। हालांकि कुछ देश आईएईए के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर' की आगामी बैठक में ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने पर जोर दे रहे हैं। इस्लामी ने कहा, हमने बार-बार कहा है कि इस्लामी गणतंत्र ईरान के परमाणु मामलों में हस्तक्षेप करने के किसी भी प्रस्ताव के बाद निश्चित रूप से तत्काल पारस्परिक कदम उठाए जाएंगे और हम उन्हें इस तरह का दबाव डालने की अनुमति नहीं देंगे।

### ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के बाहर एक व्यक्ति ने खुद को बम से उड़ा लिया

**साओ पाउलो :** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने में असफल रहे एक व्यक्ति ने बुधवार को इमारत के बाहर विस्फोट कर, खुद को खत्म कर लिया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने इमारत खाली कर दी और बाहर आ गए। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा कि सत्र समाप्त होने के बाद शाम को करीब साढ़े सात बजे दो बार तेज धमाकों की आवाज सुनी गई और सभी न्यायाधीश तथा कर्मचारी सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकल गए। अग्निशमन कर्मियों ने राजधानी ब्रासीलिया में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की पुष्टि की, हालांकि मृतक की पहचान नहीं की जा सकी। ब्राजील के संघीय जिले की लेफ्टिनेंट गवर्नर सेलिना लियो ने कहा कि संदिग्ध ने पहले संसद की पार्किंग में एक कार में विस्फोटक लगाया था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। 'स्पीकर' आर्थर लिरा के अनुसार, लीओ ने जोखिमों से बचने के लिए बृहस्पतिवार को संसद बंद करने का सुझाव दिया। ब्राजील की सीनेट ने उनकी बात मान ली और निचला सदन दोपहर तक बंद रहेगा। ब्रासीलिया के थ्री पॉवर्स प्लाजा में उच्चतम न्यायालय के बाहर लगभग 20 सेकंड के अंतराल पर विस्फोट हुए, इस स्थान पर उच्चतम न्यायालय, संसद और राष्ट्रपति भवन सहित ब्राजील की मुख्य सरकारी इमारतें स्थित हैं।

## भारत, यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंध नयी ऊंचाई पर : जयशंकर

**दुबई :** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर प्रकाश डालते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दोनों देशों के मध्य रिश्ते नयी ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। यहां सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानद् विश्वविद्यालय) परिसर के उद्घाटन के अवसर पर जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई की पहली यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की नयी शुरुआत की। जयशंकर ने कहा, भारत-यूएई संबंध आज सही मायनों में नये युग में हैं। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी की 2015 में ऐतिहासिक यात्रा हुई थी जो सदी की पहली यात्रा थी, और उसी तरह से हमारी व्यापक आर्थिक साझेदारी भी ऐतिहासिक स्तर पर है। जयशंकर ने कहा कि दुबई में सिम्बायोसिस परिसर का उद्घाटन एक व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जो भारत और यूएई के बीच बढ़ते शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को दर्शाता है। मंत्री ने कहा, भारत को आज वैश्विक कार्यस्थल के लिए तैयार होने की आवश्यकता है। साथ ही, उसे चिप्स, 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी', स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष और सड़कों के युग के लिए भी तैयार रहना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत को इन संभावनाओं के विकास को पर्यावरण अनुकूल और बाजार अनुकूल बनाकर प्रबंधित करना होगा। मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हमें विश्व के साथ तालमेल बिठाने और राष्ट्रीय संभावनाओं को आगे बढ़ाने की विशेष क्षमता मिलेगी।

## ट्रंप ने मार्को रुबियो को विदेश मंत्री के रूप में नामित किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सांसद मार्को रुबियो को विदेश मंत्री के रूप में नामित किया और कहा कि रुबियो अमेरिका के लिए एक मजबूत पैरोकार, उसके सहयोगियों के सच्चे मित्र और एक निडर नेता होंगे जो कभी भी विरोधियों के सामने नहीं झुकेंगे। इस संबंध में औपचारिक घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा, ''यह ऐलान करते हुए मुझे बेहद गर्व हो रहा है कि फ्लोरिडा के सांसद मार्को रुबियो को अमेरिका के विदेश मंत्री के रूप में नामित किया गया है।'' राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बैठक के तुरंत बाद ट्रंप ने अपने बयान में कहा, ''वह (रुबियो) हमारे देश के लिए एक मजबूत पैरोकार, हमारे सहयोगियों के लिए एक सच्चे दोस्त और एक निडर नेता होंगे जो हमारे विरोधियों के सामने कभी नहीं झुकेंगे। मैं मार्को के साथ मिलकर अमेरिका और दुनिया को फिर से सुरक्षित और महान बनाने के लिए काम करने का आकांक्षी हूं।'' इसके अलावा, ट्रंप ने कहा कि वह फ्लोरिडा के सांसद मैट गेट्ज को अपने अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित करेंगे। ट्रंप ने सांसद का चयन करते समय कुछ प्रतिष्ठित वकीलों को दरकिनार कर दिया, जिनके नाम इस पद के दावेदार के रूप में लिए जा रहे थे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, ''वह (गेट्ज) राजनीतिक फायदे के लिए हथियार के इस्तेमाल के चलन को समाप्त करेंगे, हमारी सीमाओं की रक्षा करेंगे, आपराधिक संगठनों का सफाया करेंगे और न्याय विभाग में अमेरिकियों के लगभग खत्म हो चुकी आस्था और विश्वास को बहाल करेंगे।'

# आगामी 23 नवंबर को 'सोरेन एंड कंपनी' को विदाई दे देंगे : शाह



**गिरीडीह (झारखंड) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा 23 नवंबर को 'सोरेन एंड कंपनी' को विदाई दे देगी। शाह ने ये टिप्पणियां झारखंड में 20 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान और 23 नवंबर को होने वाली मतगणना से पहले की। शाह ने गिरीडीह जिले के डुमरी में एक रैली में कहा, ''हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है, लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि हर घुसपैठिए को बाहर निकाल दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''वे हमारी आदिवासी बेटियों के साथ कई शादियां कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जमीन उन्हें वापस मिले और इसके लिए कानून लाएंगे।'' शाह ने सोरेन प्रशासन की आलोचना करते हुए उस पर भ्रष्टाचार और धन के गबन का आरोप लगाया। शाह ने कहा, ''हेमंत सोरेन और उनकी कंपनी ने भ्रष्टाचार किया है और सार्वजनिक धन की लूट की है, लेकिन 23 नवंबर को उनकी विदाई हो जाएगी।'' उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए सोरेन की बेचैनी ने उन्हें राजद-कांग्रेस गठबंधन के साथ गठबंधन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दावा किया कि राजद-कांग्रेस गठजोड़ ने झारखंड के निर्माण का विरोध किया था। गृह मंत्री ने वादा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आ गई, तो वे राज्य में बड़ी संख्या में उद्योग स्थापित करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी युवा को रोजगार की तलाश में कहीं और पलायन करने की आवश्यकता नहीं हो। उन्होंने कहा, ''हम इतने उद्योग लगाएंगे कि किसी भी युवा को काम के लिए झारखंड छोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### बरेली में दुकानों पर चला नगर निगम का बुलडोजर

**बरेली :** उत्तर प्रदेश में बरेली शहर के एक प्रमुख बाजार में बृहस्पतिवार को नगर निगम ने नाले के ऊपर बनीं तीन पक्की दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के राजस्व प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि अदालत में लंबे समय से चल रहे वाद और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर नगर निगम की टीम ने 'मिशन मार्केट' में बनी दुकानों पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि इस बाजार में नाले के ऊपर अवैध रूप से कई दुकानों का निर्माण किया गया था। बरसात के मौसम में यह अतिक्रमण बड़ी समस्या का कारण बनता था, जिससे जल निकासी बाधित होती थी। सिंह ने बताया कि कई नोटिस देने के बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी।

### उत्तर प्रदेश के कौशांबी में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी (उप्र) :** जिले की करारी थाना पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी और 25,000 रुपये के ईनामी अभियुक्त को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बृहस्पतिवार को थाना करारी की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद रईस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दरियापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पर 25,000 रुपये का ईनाम घोषित था और इसके खिलाफ भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की धारा 137(2)/ 123 (1)/ 64/ 351(3) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### प्रयागराज में छात्रों के आंदोलन के दौरान पीडीए ने संस्कृति आईएएस कोचिंग सेंटर सील किया

**प्रयागराज :** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने यहां लोक सेवा आयोग परिसर में छात्र आंदोलन के बीच बृहस्पतिवार को संस्कृति आईएएस कोचिंग सेंटर को सील कर दिया। कोचिंग सेंटर का दावा है कि आंदोलन के दौरान छात्रों को खाने-पीने का सामान उपलब्ध कराने के लिए यह कार्रवाई की गई। हालांकि, पीडीए के उपाध्यक्ष अमित पाल शर्मा ने इन आरोपों का खंडन करते हुए 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इस कोचिंग सेंटर को बहुत पहले से नोटिस भेजा जा चुका है। कोचिंग सेंटर ने पहले लिखकर दिया था कि वह गैर-कानूनी हिस्सा स्वेच्छा से हटा देगा, लेकिन हटाया नहीं। कोचिंग सेंटर का निर्माण स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया गया था। पीडीए की कार्रवाई पर संस्कृति आईएएस कोचिंग के सेंटर प्रमुख केपी द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, लोक सेवा आयोग परिसर में धरने पर बैठे कुछ छात्रों को खाने का पैकेट और पानी आदि उपलब्ध कराया गया था। उसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई की गई।

### बिहार कैबिनेट ने महंगाई भत्ते में ती प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी

**पटना :** बिहार सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कैबिनेट सचिवालय ने कहा कि इस बढ़ोतरी से डीए 50 से बढ़कर 53 फीसदी हो जाएगा, जिससे लाखों नियमित कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बेहतर वित्तीय सहायता मिलेगी। सचिवालय ने कहा कि बढ़ोतरी 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। कैबिनेट ने 'मुख्यमंत्री गृहस्थल क्रय योजना' नामक एक नयी योजना को भी मंजूरी दे दी, जिसके तहत राजस्व और भूमि सुधार विभाग प्रत्येक भूमिहीन परिवार को तीन डेसीमल भूमि की खरीद के लिए एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। कैबिनेट द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव में कहा गया है, यह एकमुश्त वित्तीय सहायता राज्य में पात्र भूमिहीन परिवार को जमीन खरीदने के लिए प्रदान की जाएगी। कैबिनेट ने ठेकेदारों द्वारा निर्माण के बाद रखरखाव अनुबंध की समाप्ति होने पर ग्रामीण सड़कों के रखरखाव और उन्नयन से संबंधित योजना को मंजूरी दी।

## प्रधानमंत्री मोदी आज आएंगे जमुई, एक सप्ताह से भी कम समय में बिहार का दूसरा दौरा

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए बिहार आएंगे। बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्हें छोटानागपुर पठार के आदिवासी समुदाय प्रेमपूर्वक भगवान कहते हैं। मोदी राज्य की राजधानी से लगभग 200 किलोमीटर दूर जमुई जिले के एक सुदूर गांव में 2021 से मनाये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री का एक सप्ताह से भी कम समय में बिहार का यह दूसरा दौरा है?इससे पहले उन्होंने बुधवार को राज्य के उत्तरी क्षेत्र के प्रमुख शहरों में से एक दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखी थी। जमुई की सीमा झारखंड से लगती है, जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

## साहित्य अकादमी के बाल साहित्य पुरस्कारों का वितरण

### 21 साहित्यकार हुए पुरस्कृत

**लखनऊ :** साहित्य अकादमी ने 21 भारतीय भाषाओं के साहित्यकारों को 2024 के प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से बृहस्पतिवार को यहां सम्मानित किया। साहित्य अकादमी ने यहां जारी एक बयान में बताया कि अकादमी के 70 साल के इतिहास में पहली बार लखनऊ में आयोजित हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेता बाल साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरूप उत्कीर्ण ताम्रफलक और 50 हजार रुपये की सम्मान राशि से नवाजा गया। ये पुरस्कार अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने प्रदान किये। बयान के अनुसार, हिंदी में देवेंद्र कुमार, उर्दू में शम्सुल इस्लाम फारूकी और सिंधी में लाल होतचंदानी 'लाचार' खराब स्वास्थ्य के कारण पुरस्कार ग्रहण करने नहीं आ सके और अंग्रेजी भाषा के लिए पुरस्कार विजेता नंदिनी सेनगुप्ता की तरफ से उनके प्रतिनिधि ने पुरस्कार ग्रहण किया। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने इस मौके पर कहा कि संस्थान के 70 साल के इतिहास में पहली बार बाल साहित्य पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया गया। राव ने कहा कि बाल साहित्य बच्चों के संतुलित विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनके मुताबिक, बाल साहित्य बच्चों की कल्पनाशीलता को न सिर्फ बढ़ाता है बल्कि समाज में उन्हें अच्छे व्यवहार के लिए भी प्रेरित करता है। अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा, बच्चों के लिए लिखना बहुत मेहनत का काम है। बाल लेखन के लिए बच्चों की दृष्टि से लिखना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी मुस्कान को बरकरार रखना भी जरूरी होता है।

## झारखंड चुनाव : दूसरे चरण में 127 करोड़पति, सपा उम्मीदवार 400 करोड़ की संपत्ति के साथ शीर्ष पर

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में कुल 127 करोड़पति उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें समाजवादी पार्टी के अकील अख्तर सबसे अमीर हैं और उन्होंने 400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गयी है। झारखंड इलेक्शन वॉच और एडीआर ने 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए 38 निर्वाचन क्षेत्रों के 528 उम्मीदवारों में से 522 द्वारा स्वयं दिए गए हलफनामों का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 522 उम्मीदवारों में से 127 (24 प्रतिशत) करोड़पति हैं, जबकि 148 (28 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किये हैं। समाजवादी पार्टी के टिकट पर पाकुड़ से चुनाव लड़ रहे अकील अख्तर दूसरे चरण में सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिन्होंने 99.51 लाख रुपये की चल संपत्ति और 402 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति घोषित की है। उनके बाद धनवार से निर्दलीय उम्मीदवार निरंजन राय हैं, जिनके पास लगभग 137 करोड़ रुपये की संपत्ति है, और धनवार से ही आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मोहम्मद दानिश हैं, जिनके पास लगभग 32 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

## यूपीपीएससी ने आरओ-एआरओ परीक्षा स्थगित की, पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा पुराने पैटर्न पर होगी

**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने अभ्यर्थियों की मांगों को स्वीकार करते हुए बृहस्पतिवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा स्थगित कर दी और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस)- प्रारंभिक परीक्षा को पुराने पैटर्न पर आयोजित करने की घोषणा की। आयोग ने आरओ और एआरओ परीक्षाओं के लिए एक समिति बनाने की भी घोषणा की। यूपीपीएससी कार्यालय के बाहर एक अधिकारी ने घोषणा की कि आयोग ने आरओ और एआरओ परीक्षा स्थगित करने और पुराने पैटर्न पर पीसीएस-प्री परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। एक पाली में परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी यूपीपीएससी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। पीसीएस-प्री परीक्षा पहले की तरह आयोजित करने की घोषणा से कुछ अभ्यर्थियों में खुशी है, वहीं आरओ-एआरओ की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी कुछ निराश नजर आए। अभ्यर्थी राहुल पांडे ने कहा कि आरओ-एआरओ परीक्षा पर वांछित फैसला होने तक छात्र आंदोलन जारी रखेंगे। पांडे ने कहा, ''हमें इस घोषणा पर भरोसा नहीं है क्योंकि इस संबंध में आयोग की वेबसाइट पर कोई आधिकारिक सूचना अपलोड नहीं की गई है।'' एक अन्य अभ्यर्थी ने कहा कि सरकार फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रही है। उन्होंने इसे पक्षपातपूर्ण निर्णय बताते हुए कहा कि ऐसा इसलिये किया गया है ताकि पीसीएस-प्री के अभ्यर्थी यहां से चले जाएं। इस बीच, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संपर्क किए जाने पर कहा कि सरकार छात्रों के हित में काम करेगी और उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा, छात्रों के हित में निर्णय लिए जाएंगे। इससे पहले, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने प्रयागराज दौरे के दौरान छात्रों के पक्ष में मांगें उठाईं।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड उच्च न्यायालय ने झामुमो की मईंया सम्मान योजना को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को हेमंत सोरेन-नीत सरकार द्वारा इस साल के प्रारंभ में शुरू की गई मईंया सम्मान योजना को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रौशन की खंडपीठ विष्णु साहू की उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यह दलील दी गयी थी कि 21 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को सालाना 12,000 रुपये प्रदान करने वाली इस योजना का उद्देश्य मौजूदा विधानसभा चुनावों के मतदाताओं को लुभाना है। न्यायमूर्ति राव ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि अदालत राज्य सरकार के नीतिगत फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेगी, क्योंकि इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बाद में इस योजना को संशोधित किया गया, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को लाभ के लिए पात्र बनाने के वास्ते आयु मानदंड में ढील दी गई। इस योजना के अनुसार, कुछ निश्चित योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाली महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये मिलेंगे, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा किए जाएंगे। बैंक खाते को लाभार्थी के आधार कार्ड से लिंक करना आवश्यक है। केवल ऐसी महिलाएं ही इस योजना के लिए पात्र होंगी, जिनका परिवार न्यूनतम आयकर दायरे में नहीं आता है। सिमडेगा निवासी साहू ने दावा किया कि यह योजना चुनावी प्रक्रिया में सत्तारूढ़ दल के लिए अनुचित लाभ पैदा करने का एक प्रयास है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में अदालत द्वारा सुनवाई की जा रही याचिका का विवरण साझा किया और कानूनी प्रक्रिया में विश्वास व्यक्त किया।

### बहराइच में एक करोड़ की 'स्मैक' ले जा रहे तीन मादक पदार्थ कारोबारी गिरफ्तार

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के दरगाह शरीफ क्षेत्र में पुलिस, 'स्वाट' टीम और सर्विलांस प्रकोष्ठ के संयुक्त दल ने बृहस्पतिवार को मादक पदार्थों के तीन कारोबारियों को लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की 1,200 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने संवाददाताओं को बताया कि संयुक्त टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को चांदपुरा तिराहे के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है और अभियुक्तों के कब्जे से स्मैक बेचने में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रानिक तराजू, बांट, उपकरण, पैकिंग के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री और 12 हजार रुपए बरामद हुए हैं। कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गये तीन में से दो अभियुक्त बाराबंकी व एक बहराइच शहर का निवासी है और बाराबंकी निवासी 34 वर्षीय शानू मुख्य आपूर्तिकर्ता है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी का ही निवासी 30 वर्षीय जावेद स्मैक लाने ले जाने तथा बहराइच का रहने वाला 55 वर्षीय सआदत अली उर्फ पहलवान बहराइच शहर में स्मैक की आपूर्ति का काम करता है। कुशवाहा ने कहा कि तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सआदत अली व जावेद पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिये अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

### उप्र: 'बुलडोजर कार्रवाई' के पीड़ितों ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**प्रयागराज/बरेली (उप्र) :** बुलडोजर चलवाने की कार्रवाई पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के एक दिन बाद पूरे उत्तर प्रदेश में तोड़फोड़ अभियान के पीड़ितों ने राहत की सांस ली और कहा कि वे अपने नुकसान की भरपाई के लिए कानून का सहारा लेंगे। 'बुलडोजर कार्रवाई' को लेकर विभिन्न हलकों से आलोचना का सामना कर रही उत्तर प्रदेश सरकार ने भी शीर्ष अदालत के फैसले की सराहना की है और स्पष्ट किया कि अतिक्रमण की गई भूमि पर बनी संपत्तियों को उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही ध्वस्त किया गया था। 'बुलडोजर न्याय' की तुलना कानून विहीन स्थिति से करते हुए (जहां ताकतवर ही सही होता है) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अखिल भारतीय दिशानिर्देश तय किए और कहा कि किसी भी संपत्ति को पूर्व कारण बताओ नोटिस के बिना ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए और पीड़ितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाना चाहिए। उच्च्तम न्यायालय के आदेश ने पीड़ितों में मुआवजा पाने की उम्मीद पैदा की है और वे इसके लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। प्रयागराज में पंपसेट का कारोबार करने वाले जावेद मोहम्मद के घर को 12 जून, 2022 को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था।

## प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोंकी, सरकार माओवादियों के सफाये को प्रतिबद्धः योगी

**बोकारो/धनबाद :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोंक दी है और सरकार नक्सलियों के सफाये के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं की मदद करने का आरोप लगाते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही इसे रोकने का एकमात्र समाधान है। बोकारो के बेरमो में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेतृत्व आपके साथ है, भारत को भड़काने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोंकी है और सरकार माओवादियों को खत्म करने के लिए तैयार है।'' उन्होंने देश के 140 करोड़ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भाजपा सरकार को श्रेय दिया और आतंकवाद पर सरकार के कड़े रुख को दोहराया। आदित्यनाथ ने कहा, ''मोदी के नेतृत्व में अयोध्या मुद्दे को दो साल में सुलझा लिया गया। उनके नेतृत्व में देश इतना शक्तिशाली हो गया है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों ने हमें उकसाना बंद कर दिया है।'' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और 'पाकिस्तान कांप रहा है क्योंकि नया भारत किसी को नहीं बख्शता'। उन्होंने दावा किया, ''झामुमो, कांग्रेस और राजद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में घुसने में मदद कर रहे हैं। वे आदिवासी लड़कियों से शादी करके यहां जमीन हड़प रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है।''

## सभी बिजली कंपनियां आपसी तालमेल से काम करें : खट्टर

**लखनऊ :** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने और घाटे से बचने के लिए विद्युत कंपनियों को आपसी तालमेल करके बिजली उत्पादन और वितरण करने की जरूरत पर जोर दिया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने यहां 'डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट' (डीयूएम) के आठवें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी विद्युत कंपनियां इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करें ताकि



विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। खट्टर ने कहा, ''हमें देश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाना भी है, साथ ही पूरे देश में सभी क्षेत्रों को ऊर्जा सुलभ हो, इसके लिए भी कार्य करना है।'' उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाए।

## उपराष्ट्रपति करेंगे वाराणसी में 'नमो' घाट का उद्घाटन

**लखनऊ/वाराणसी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ वाराणसी में 91.06 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित 'नमो घाट' का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। राज्य सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के मुताबिक घाट पर धातु की बनी 75 फुट लंबी 'नमो नम: मूर्ति की वजह से इस घाट का नाम 'नमो घाट' रखा गया है। बयान के मुताबिक नमो घाट पर काशी की परंपरा के अनुसार भगवान भास्कर का अभिवादन करती एक कलाकृति पर्यटकों को लुभा रही है और सुबह-ए-बनारस का नजारा देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक काशी खिंचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि अब इस दिव्य और भव्य नज़ारे का लुत्फ विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले नमो घाट से भी लिया जा सकेगा। बयान के अनुसार जल,थल और नभ से जुड़ने वाला यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट का पुनर्निर्माण दो चरणों में किया गया है, पहले चरण में बनाई गई बड़ी 'नमस्ते' मूर्ति की लम्बाई करीब 25 फुट और छोटी प्रतिमा की लम्बाई 15 फुट है।

## कांग्रेस नेता मीर ने विवाद खड़ा किया, घुसपैठिये हों या नहीं, सभी को एलपीजी सिलेंडर देने का किया वादा

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बृहस्पतिवार को एक चुनावी रैली में यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो राज्य के सभी नागरिकों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे, चाहे वे घुसपैठिए हों या नहीं। इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बयान को 'राष्ट्र-विरोधी' करार दिया। वर्तमान में झारखंड के प्रमुख शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 860 रुपये में उपलब्ध हैं, जहां बांग्लादेश से घुसपैठ को भाजपा ने प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया है। बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चंद्रपुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मीर ने कहा, हमने वादा किया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो हम एक दिसंबर से 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएंगे। यह आम जनता के लिए होगा...चाहे वे हिंदू हों, मुसलमान हों, घुसपैठिये हों - यह झारखंड के सभी नागरिकों को दिया जाएगा, किसी अन्य कारक पर विचार नहीं किया जाएगा। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पर राजनीतिक कारणों और 'वोट बैंक की राजनीति' के चलते राज्य में घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कांग्रेस के गुलाम अहमद मीर ने कहा कि वे घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया कराएंगे। कांग्रेस-झामुमो-राजद सरकार झारखंड में घुसपैठ को संरक्षण दे रही है। गिरिडीह जिले के बिरनी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों घुसपैठिए झारखंड में घुस आए और सरकार ने उन्हें मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड बनवाने में मदद की। बोकारो में एक अन्य रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस प्रभारी ने हिंदुओं, मुसलमानों और घुसपैठियों को सिलेंडर देने का वादा किया है। भाजपा घुसपैठियों को आदिवासियों के अधिकार सौंपने की अनुमति नहीं देगी। झारखंड में दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। पहले चरण का मतदान बुधवार को हुआ था, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## जो लोग 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की बात करते हैं, वे एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते: अखिलेश

**प्रयागराज (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर प्रयागराज में छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करने और परीक्षाओं को ठीक तरह से आयोजित करने में विफल रहने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया। फूलपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपएससी) द्वारा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस)-प्रारंभिक परीक्षा और समीक्षा अधिकारी- सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा दो अलग-अलग दिन आयोजित कराने के फैसले के खिलाफ जारी छात्रों के विरोध



प्रदर्शन का जिक्र करते हुए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''जो लोग 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की बात करते हैं, वे एक दिन में छात्रों के लिए परीक्षा भी नहीं करवा सकते।'' यादव ने छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त की, लेकिन राजनीतिकरण के आरोपों से बचने के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से परहेज किया। उन्होंने राज्य में परीक्षाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में असमर्थता के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''यह वही सरकार है जो 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को बढ़ावा देती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में वे हमारे युवाओं के लिए एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते। प्रयागराज में हजारों छात्र इस फैसले के खिलाफ लगातार चौथे दिन बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का दावा है कि इससे अनावश्यक भ्रम और कठिनाई बढ़ रही है। यादव ने प्रश्नपत्र लीक, बार-बार परीक्षा के स्थगित व रद्द होने जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने फूलपुर में होने वाले आगामी उपचुनाव का भी जिक्र किया, जहां समाजवादी पार्टी अपने उम्मीदवार मुस्तफा सिद्दीकी के चुनाव प्रचार में जुटी है।

## एसडीएम को थप्पड़ मारने वाला निर्दलीय प्रत्याशी गिरफ्तार; भीड़ ने पत्रकारों पर हमला किया

**टोंक :** राजस्थान की देवली-उनियारा विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को बृहस्पतिवार को नाटकीय घटनाक्रम और हिंसा बढ़ने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। हिंसा के दौरान भीड़ ने 'पीटीआई' के संवाददाता और कैमरामैन पर हमला किया तथा उनका कैमरा जला दिया। यह हमला उस वक्त हुआ, जब मीणा की गिरफ्तारी के बाद 'पीटीआई' के संवाददाता और कैमरामैन एक विरोध-प्रदर्शन को कवर कर रहे थे। हमले में संवाददाता अजीत शेखावत और कैमरामैन धर्मेंद्र कुमार बुरी तरह घायल हो गए तथा उन्हें अस्पताल ले जाया गया। एक दिन पहले, कांग्रेस के बागी नेता एवं उप-चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार मीणा ने मालपुरा के एसडीएम (उप खंड अधिकारी) अमित चौधरी को मतदान केंद्र के बाहर सैकड़ों लोगों के सामने थप्पड़ मार दिया था। भीड़ के हमले के बाद, शेखावत द्वारा 'पीटीआई' के दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेजे वीडियो में उनकी बाईं आंख के नीचे से खून निकलता देखा जा सकता है। शेखावत ने बताया कि उनके सहयोगी धर्मेंद्र के सिर में चोट लगी है और उनकी बांह में संभवत: 'फ्रेक्चर' हुआ है। समाचार एजेंसी के पत्रकार और कैमरामैन पर हमला उस समय हुआ, जब वे कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का साक्षात्कार लेने वाले थे। मंत्री हालात का जायजा लेने के लिए राज्य की राजधानी जयपुर से करीब 100 किलोमीटर दूर, टोंक जिले के समरवता गांव पहुंचे थे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 'पीटीआई' की टीम को सुरक्षा मुहैया करने के निर्देश दिए हैं और सवाई माधोपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को दोनों घायलों का उपयुक्त उपचार सुनिश्चित करने को कहा है। हिंसा बुधवार शाम से ही जारी है, जब पुलिस ने नरेश मीणा के समर्थकों को धरना देने से रोकने की कोशिश की। एसडीएम को थप्पड़ मारे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। थप्पड़ मारे जाने की घटना के समर्थन और विरोध में अलग-अलग प्रदर्शन हुए हैं। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारियों ने चौधरी के समर्थन में प्रदर्शन किया। मतदान केंद्र के बाहर शुरू हुआ तनाव रात में और बृहस्पतिवार को हिंसा में तब्दील हो गया। आरएएस एसोसिएशन और संबद्ध सेवाओं के अधिकारी मीणा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कलम बंद हड़ताल पर चले गए, जिस कारण बृहस्पतिवार सुबह राज्य के सरकारी कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कन्हैया कुमार ने फडणवीस की 'वोट धर्मयुद्ध' टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ निजी तौर पर कटाक्ष किया

**नागपुर :** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने बृहस्पतिवार को 'वोट धर्मयुद्ध' से 'वोट जिहाद' का मुकाबला करने संबंधी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की हालिया टिप्पणी की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ निजी तौर पर कटाक्ष किया। कुमार ने पूछा कि क्या आम लोग यह 'धर्मयुद्ध' लड़ेंगे, जबकि नेताओं के बच्चे इन सब से दूर विदेश में पढ़ाई करेंगे। उन्होंने नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट पर कांग्रेस के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''या यह होगा कि हम 'धर्म' की रक्षा के लिए लड़ेंगे जबकि उपमुख्यमंत्री की पत्नी इंस्टाग्राम रील बनाएं।'' कुमार ने कहा कि अगर 'धर्म' की रक्षा करने की जरूरत है, तो हर कोई इसे मिलकर करेगा। हाल ही में एक रैली में, फडणवीस ने कहा था कि लोकसभा चुनाव में 'वोट जिहाद' हुआ और एक विशेष समुदाय के सदस्यों ने सुनिश्चित किया कि भाजपा को उनके वोट न मिले। उन्होंने दावा किया कि मालेगांव में इस वोटिंग पैटर्न के कारण महायुति धुले लोकसभा सीट हार गई।

### चेन्नई के कैंसर रोग विशेषज्ञ पर हमले के खिलाफ तमिलनाडु के चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

**चेन्नई :** तमिलनाडु के एक अस्पताल में कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पर हुए हमले की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को पूरे राज्य में चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन किया और चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा की भी मांग की। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने बताया कि सरकार ने आज से मरीजों की चिकित्सा जरूरतों के आधार पर प्राथमिकता निर्धारण की शुरुआत की है। मरीजों के तीमारदारों को अस्थायी रूप से पहचान पत्र दिए जाएंगे। सुब्रमण्यम ने स्वास्थ्य लाभ ले रहे चिकित्सक से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''कैंसर रोग विशेषज्ञ बालाजी की हालत में सुधार हो रहा है और गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनकी निगरानी की जा रही है। जांच के बाद उन्हें आज वार्ड में भर्ती कर दिया जाएगा।'' यहां कलैइगनर सेंटेनरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कार्यरत कैंसर रोग विशेषज्ञ पर बुधवार को एक मरीज के बेटे ने कथित तौर पर सात बार चाकू से हमला किया था। वह अपनी कैंसर पीड़ित मां के इलाज से कथित तौर पर असंतुष्ट था।

### अरुणाचल की राजधानी में महिला पुलिसकर्मियों को मिलेगा 'मासिक धर्म अवकाश'

**ईटानगर :** अरुणाचल प्रदेश के राजधानी क्षेत्र की महिला पुलिस कर्मियों को मासिक धर्म के दौरान विशेष अवकाश दिया जाएगा। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक (राजधानी) रोहित राजबीर सिंह की ओर से बुधवार को जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि महिला पुलिस कर्मियों को अब प्रत्येक माह मासिक धर्म के पहले या दूसरे दिन एक दिन का विशेष अवकाश मिलेगा। ज्ञापन में कहा गया , '' यह पहल एक सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के ईटानगर राजधानी क्षेत्र की पुलिस की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह पहल महिला कर्मियों की विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करती है और इससे उनका मनोबल और कार्य दक्षता आदि बढ़ेगी।''

### सबरीमला तीर्थयात्रा: एरुमेली में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का धार्मिक केंद्र

**कोट्टायम :** केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने बुधवार को एरुमेली के चेरियाम्बलम में हाउ-सिंग बोर्ड के तहत साबरीमला तीर्थयात्रा सत्र के लिए एक नई वाहन पार्किंग सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साबरीमला यात्रा के समापन के बाद एरुमेली में एक कन्वेंशन सेंटर सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक धार्मिक केंद्र बनाया जाएगा। मंत्री के अनुसार पार्किंग क्षेत्र के दोनों ओर सड़क की मरम्मत के लिए बाढ़ राहत कोष से 20 लाख रुपये अतिरिक्त आवंटित किए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'हाउसिंग बोर्ड' ने एरुमेली में अपनी साइट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक धार्मिक केंद्र बनाने की योजना बनाई है।

# कांग्रेस और उसके सहयोगी कश्मीर के लिए एक अलग संविधान लाने की योजना बना रहे हैं: मोदी

**छत्रपति संभाजीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी कश्मीर के लिए एक अलग संविधान लाने की योजना बना रहे हैं और अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में मुकाबला संभाजी महाराज को मानने वाले देश भक्तों और औरंगजेब का गुणगान करने वालों के बीच है। राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''क्या महाराष्ट्र के लोग कांग्रेस और पाकिस्तान की भाषा बोलने वाले उसके सहयोगियों का समर्थन करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और



उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है। जब हमने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त किया तो कांग्रेस ने संसद और अदालत में इसका विरोध किया। अब वे फिर से अनुच्छेद 370 को बहाल करने और कश्मीर में एक अलग संविधान बनाने की योजना बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हर भारतीय चाहता है कि कश्मीर में सिर्फ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान हो। मोदी ने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजीनगर को यह नाम देने की मांग शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी और ऐसा करके महायुति सरकार ने उनकी इच्छा पूरी की। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र का यह चुनाव केवल नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक ओर संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोग संभाजी महाराज के हत्यारे में अपना मसीहा देखते हैं।''

### प्रधानमंत्री मोदी आज पहले बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली स्थित साई इंदिरा गांधी खेल परिसर में पहले बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन करेंगे और इस मौके पर सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि दो दिवसीय महोत्सव शांति बनाए रखने और जीवंत बोडो समाज के निर्माण के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति पर आधारित एक बड़ा कार्यक्रम है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 20 से 22 नवंबर तक लाओस की यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह लाओस की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 10 देशों के समूह आसियान और उसके कुछ वार्ता साझेदारों के समूह की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि सिंह आसियान के रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) में क्षेत्र के सामने आने वाली प्रमुख सुरक्षा चुनौतियों से निपटने पर भारत का रुख पेश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री 20 से 22 नवंबर तक लाओस का दौरा करेंगे। एडीएमएम-प्लस एक ऐसा मंच है जिसमें 10 देशों का समूह आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन) और उसके आठ वार्ता साझेदार भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और अमेरिका शामिल हैं। एडीएमएम-प्लस के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में लाओस इस बैठक की मेजबानी कर रहा है।

## स्वास्थ्य चुनौतियों पर ध्यान देने में अहम भूमिका निभाई है आईसीएमआर ने: नड्डा

**नयी दिल्ली :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने स्वास्थ्य चुनौतियों पर ध्यान देने में अहम भूमिका निभाई है और भारत के स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। नड्डा ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के 113वें स्थापना दिवस पर आयोजित 'डीएचआर-आईसीएमआर हेल्थ रिसर्च एक्सिलेंस समिट 2024' को संबोधित करते हुए यह बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, ''आईसीएमआर जैवचिकित्सा अनुसंधान में सबसे आगे रहा है, जिसने कुछ सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तपेदिक, मलेरिया और कोविड-19 जैसी संक्रामक बीमारियों से निपटने से लेकर गैर-संचारी रोगों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण संबंधी विकारों के लिए समाधान विकसित करने तक, आईसीएमआर ने भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है।'' केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने देश में वैज्ञानिक नवाचार बढ़ाने में आईसीएमआर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सम्मेलन में कहा कि भारत के वैज्ञानिक परिदृश्य में संरचनात्मक बदलाव हो रहा है। पटेल ने कह कि आईसीएमआर भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है और जैवचिकित्सा तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में उसके योगदान का एक समृद्ध इतिहास है। उन्होंने कहा कि शुरू की जा रहीं अनेक योजनाएं अनुसंधान विचारों और अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में मददगार होंगी।

## आम आदमी पार्टी के महेश खीची दिल्ली के अगले महापौर चुने गए

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के महेश खीची को बृहस्पतिवार को दिल्ली का अगला महापौर चुन लिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा



चुनावों से पहले मिली यह जीत सत्तारूढ़ पार्टी का मनोबल बढ़ाने वाली है। जैसे ही खीची ने अपना स्थान ग्रहण किया, आप पार्षदों ने 'जय भीम' का नारा लगाते हुए कड़े मुकाबले में दलित उम्मीदवार की जीत का जश्न मनाया। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी की ओर से मैदान में उतरे दलित उम्मीदवार खीची ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किशन लाल को मात्र तीन मतों के मामूली अंतर से हराया। खीची को 133 मत मिले, जबकि लाल को 130 वोट मिले। दो मत अवैध घोषित किए गए। महापौर चुनाव में हार के बाद भाजपा ने उपमहापौर पद की दौड़ से नाम वापस ले लिया, जिससे आप के रविन्द्र भारद्वाज के लिए निर्विरोध यह पद हासिल करने का रास्ता साफ हो गया।

## कांग्रेस ने मोदी व शाह के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, प्रतिबंध लगाने की मांग

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराकर दोनों पर उनके हालिया चुनाव अभियान के दौरान 'झूठे, विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय' बयान देने का आरोप लगाया है। विपक्षी दल ने आयोग से आग्रह किया है कि वह मोदी और शाह को चुनाव की शेष अवधि के लिए चुनाव संबंधी किसी भी गतिविधि के संचालन से प्रतिबंधित करे और मामले की गहन जांच कराए। कांग्रेस ने आयोग से अनुरोध किया कि वह महाराष्ट्र और झारखंड में ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उग्र और घोर उल्लंघनकारी चुनावी अभियान में शामिल'' सभी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दे। मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग को दिए गए अपने ज्ञापन में कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के स्टार प्रचारक और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए कई बयानों से निर्वाचन आयोग को अवगत कराना चाहती है। रमेश ने आरोप लगाया कि आठ नवंबर को मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक और धुले में आयोजित चुनावी रैलियों के दौरान कांग्रेस और उसके सहयोगियों को निशाना बनाते हुए कई 'झूठे, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय' बयान दिए। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने बयानों में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी पर आरोप लगाए। रमेश ने दावा किया कि मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के विरोधी थे। उन्होंने भाषण की एक प्रति साझा करते हुए कहा, ''इसके बाद नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व के खिलाफ आरोप लगाए और दावा किया कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के हितों का विरोध करती है।

## न्यूज अपडेट

### उमर अब्दुल्ला ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर अब्दुल्ला और



मुर्मू की मुलाकात की एक तस्वीर साझा की गई। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, ''केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' अब्दुल्ला ने बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी। अधिकारियों के अनुसार सोमवार शाम को दिल्ली पहुंचे अब्दुल्ला जल्द ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात करेंगे।

### इंदौर में 15 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग लड़के समेत दो लोग हिरासत में

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में 15 वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करके उसका वीडियो बनाने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग लड़के समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीणा ने बताया कि लड़की की अपने एक पुरुष मित्र के साथ अनबन हो गई थी। उन्होंने बताया कि उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म में शामिल नाबालिग लड़का और 19 वर्षीय युवक उसके पुरुष मित्र के दोस्त हैं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी चार नवंबर को लड़की को यह झांसा देकर अपने साथ मल्हारगंज थाना क्षेत्र के एक कमरे में ले गए कि वे उसके पुरुष मित्र के साथ उसकी दोबारा दोस्ती करा देंगे। मीणा ने बताया कि लड़की दोनों लोगों को पहले से जानती थी, इसलिए वह भरोसा करके उनके साथ चली गई। डीसीपी ने बताया कि लड़की की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और जांच की जा रही है। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने पीड़ित लड़की के बयान के हवाले से बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के दौरान आरोपियों ने लड़की का वीडियो भी बनाया था।

### 'ऑपरेशन कवच': दिल्ली पुलिस ने 907 स्थानों पर छापे मारे, 700 से अधिक को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के 'ऑपरेशन कवच' के दौरान 64 ऐसे स्थानों की पहचान की है जहां कथित रूप से मादक पदार्थ बेचे जा रहे हैं। उसने 907 स्थानों पर छापे भी मारे। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। पुलिस के अनुसार उन्होंने हिरासत में लिए गए 1240 लोगों में से 700 से अधिक को गिरफ्तार किया है। 'ऑपरेशन कवच' दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अपराधियों और मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समय-समय पर पुलिस द्वारा चलाई जाने वाली पहल है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली पुलिस की सभी इकाइयों ने 12 से 13 नवंबर तक 24 घंटे का अभियान चलाया, जिनमें अपराध शाखा, विशेष प्रकोष्ठ और 15 जिलों की पुलिस शामिल थी। उन्होंने कहा, ''907 स्थानों पर चलाए गए अभियान में 1,224 लोगों को हिरासत में लिया गया है। हमने अभियान के दौरान 700 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।'' स्थानीय पुलिस द्वारा यह कार्य विशेष प्रकोष्ठ एवं अपराध शाखा के समन्वय से किया जाता है।

### नासिक में खरगे की रैली के लिए बनाया गया अस्थायी ढांचा तेज हवाओं से क्षतिग्रस्त, दो लोग घायल

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के लिए बनाया गया अस्थायी ढांचा बृहस्पतिवार को तेज हवाओं के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न में त्र्यंबक इलाके में हुई इस घटना में दो लोग मामूली रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता को 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यहां एक जनसभा को संबोधित करना था। उन्होंने बताया कि जैसे ही रैली शुरू होने वाली थी, इलाके में तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे कार्यक्रम के लिए बनाए गए अस्थायी ढांचे को नुकसान पहुंचा। ढांचे से बंधे पर्दे भी फट गए। अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने आए पार्टी के दो समर्थकों को इस घटना में मामूली चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि खरगे की रैली तेज हवाएं थमने के बाद शुरू हुई।

## कांग्रेस में किसने कहा है कि अनुच्छेद 370 बहाल किया जाएगा, शाह झूठ फैला रहे हैं: खरगे

**पुणे :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे का बृहस्पतिवार को विरोध किया कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करने का इरादा रखती है। उन्होंने कहा कि इस विवादास्पद प्रावधान को संसद ने निरस्त कर दिया है। खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज में विभाजन पैदा करने के लिए अनुच्छेद 370 के मुद्दे को जीवित रखने का आरोप लगाया। पुणे में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपशब्द कहने का आरोप



लगाया। खरगे ने कहा, ''अमित शाह अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हैं। (लेकिन) वह (खुद) कह रहे हैं कि कांग्रेस (जम्मू-कश्मीर में) अनुच्छेद 370 वापस लाना चाहती है। मुझे बताइए, यह किसने और कब कहा? आप एक मुद्दा उठा रहे हैं। अगर यह (अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का प्रस्ताव) संसद में पहले ही पारित हो चुका है, तो आप फिर से इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं?'' उन्होंने कहा, ''इसका मतलब है कि आप इस मुद्दे को जिंदा रखना चाहते हैं ताकि लोग बंट जाएं। अगर आप यह कहना चाहते हैं तो कश्मीर जाकर कहिए। कश्मीर में चुनाव खत्म हो चुके हैं।'' जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में रद्द कर दिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कांग्रेस का गठबंधन है। नेकां जम्मू-कश्मीर में सरकार का नेतृत्व कर रही है।

## चेन्नई में 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के परिसरों पर ईडी के छापे

**चेन्नई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को चेन्नई के 'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत फिर से उसके परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मार्टिन ने राजनीतिक दलों को चंदे के लिए लाई गई चुनावी बॉन्ड योजना के तहत सर्वाधिक 1,300 करोड़ रुपये से अधिक चंदा दिया था। उसके परिसरों पर छापेमारी की यह कार्रवाई मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में ईडी को मार्टिन के खिलाफ जांच आगे बढ़ने की अनुमति देने के बाद हुई है क्योंकि तमिलनाडु पुलिस ने उसके और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी को बंद करने का फैसला किया था और निचली अदालत ने पुलिस की इस याचिका को स्वीकार कर लिया था। सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार को चेन्नई और कुछ अन्य स्थानों पर मार्टिन से संबद्ध कई परिसरों की तलाशी ली गई। संघीय एजेंसी ने पिछले साल मार्टिन के खिलाफ केरल में राज्य लॉटरी की धोखाधड़ी से बिक्री करके सिक्किम सरकार को 900 करोड़ रुपये से अधिक के कथित नुकसान से जुड़े एक मामले में लगभग 457 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी। सिक्किम लॉटरी की प्रमुख वितरक मार्टिन की कंपनी 'फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' है और ईडी 2019 से तमिलनाडु में 'लॉटरी किंग' के रूप में जाने जाने वाले मार्टिन के खिलाफ जांच कर रहा है।

## दिल्ली में प्रवेश करना गैस चैंबर में प्रवेश करने जैसा था

### प्रियंका गांधी ने वायनाड से लौंटने पर कहा

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल के वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए मतदान होने के बाद दिल्ली लौटने पर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वापस आना 'गैस चैंबर' में प्रवेश करने जैसा था। प्रियंका वायनाड संसदीय सीट से चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने स्वच्छ हवा के लिए एक साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण हर साल बदतर होता जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, वायनाड से दिल्ली वापस आना एक गैस चैंबर में प्रवेश करने जैसा था। धुंध की चादर आकाश से देखने पर और भी हैरान कर देने वाली लगती है। उनके अनुसार, वायनाड में हवा साफ है और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 35 है। प्रियंका गांधी ने कहा, दिल्ली का प्रदूषण हर साल बदतर होता जा रहा है। हमें मिलकर स्वच्छ हवा के लिए समाधान ढूंढना चाहिए। यह किसी एक पार्टी की बात नहीं है, यह सभी के लिए एक गंभीर मुद्दा है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए सांस लेना ऐसी हवा में व्यावहारिक रूप से असंभव है। हमें इसके बारे में कुछ करना होगा। प्रियंका गांधी ने वायनाड से चुनावी शुरुआत की है, जिसके लिए बुधवार को मतदान हुआ।

## ईडी ने बैंक खातों के दुरुपयोग, 'वोट के बदले नकदी' मामले में मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ महाराष्ट्र, गुजरात में छापे मारे

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मालेगांव के एक व्यापारी के खिलाफ चुनावी राज्य महाराष्ट्र और पड़ोसी राज्य गुजरात में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। व्यापारी पर 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन के लिए विभिन्न लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग करने का आरोप है। संघीय एजेंसी धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई तथा गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में 23 ठिकानों पर छापेमारी रही है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट के लिए 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। धनशोधन का मामला पिछले सप्ताह मालेगांव पुलिस द्वारा सिराज अहमद हारुन मेमन नामक एक स्थानीय व्यापारी के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है, जो अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर चाय और कोल्ड ड्रिंक्स की एजेंसी भी संचालित करता है। इस मामले में एक व्यक्ति ने शिकायत की है जिसके बैंक खाते का कथित तौर पर अवैध लेनदेन के लिए दुरुपयोग किया गया। इसके बाद यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि इन खातों का दुरुपयोग चुनाव में अवैध तौर पर रुपये भेजने के लिए किया गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने 'नासिक मर्चेंट कोऑपरेटिव बैंक' में खाते खोलने के लिए लगभग 12 लोगों से केवाईसी (अपने उपभोक्ता को जानो) विवरण (पैन, आधार) लिया तथा उसने इन लोगों से कहा कि वह मकई (मक्का) का व्यवसाय शुरू करना चाहता है और इसलिए उसे किसानों से रुपये लेने की जरूरत है। आरोपी ने अपने दोस्तों से केवाईसी दस्तावेज लेकर कथित तौर पर दो और खाते खुलवाए। सूत्रों के मुताबिक ये 14 खाते सितंबर और अक्टूबर के बीच खोले गए। सूत्रों ने बताया कि ईडी को 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन की जानकारी मिली है और अब कुछ हवाला कारोबारी की भूमिका समेत अधिक साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी ली जा रही है। सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के लिए किए गए 2,500 से अधिक लेन-देन और लगभग 170 बैंक शाखाएं ईडी की जांच के दायरे में हैं।

# मोदी संविधान नहीं पढ़े हैं, इसलिए यह उनके लिए 'खाली' है: राहुल गांधी

**नंदूरबार/नांदेड़ (महाराष्ट्र) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगता है कि भारत का संविधान 'खाली' है क्योंकि उन्होंने (मोदी ने) इसे कभी पढ़ा ही नहीं है। उन्होंने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले नंदूरबार और नांदेड़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मोदी ने देश के आधारभूत दस्तावेज को पढ़ा होता तो वह अलग नीतियां अपनाते। गांधी की यह टिप्पणी मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उस दावे के बाद आई है जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस नेता अपनी चुनावी रैलियों में संविधान की एक प्रति दिखा रहे हैं जिसके अंदर



'खाली' पन्ने हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने उत्तर महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल नंदूरबार में कहा, ''प्रधानमंत्री कहते हैं कि मैं एक 'खाली' संविधान दिखाता हूं। संविधान उनके (मोदी) लिए खाली है, क्योंकि उन्होंने इसे अपने जीवन में कभी पढ़ा ही नहीं है। उन्हें नहीं पता कि इसमें क्या लिखा है।'' मध्य क्षेत्र के नांदेड़ में गांधी ने कहा कि संविधान भेदभाव करना नहीं सिखाता। उन्होंने कहा, ''यदि मोदी ने संविधान पढ़ा होता तो वह ऐसा व्यवहार नहीं करते। मोदी ने 25 अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया, लेकिन गरीबों और किसानों का नहीं...।'' गांधी ने मणिपुर में जारी संघर्ष का भी जिक्र किया और कहा, ''देश के इतिहास में हमने कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी है, जहां एक राज्य एक साल से अधिक समय से जल रहा हो लेकिन प्रधानमंत्री ने वहां का दौरा तक नहीं किया हो।'' भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस द्वारा उठाए गए सवालों के संदर्भ में राहुल गांधी ने कहा, ''इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि संविधान का रंग क्या है, लाल या नीला, महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके अंदर क्या लिखा है और हम अपने जीवन की कीमत पर भी इसकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### ओडिशा के मुख्यमंत्री ने छात्रावास के भोजन शुल्क को माफ किया, मध्याह्न भोजन की लागत एक रुपये बढ़ाई

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बृहस्पतिवार को 455 स्कूल छात्रावासों के छात्रों के लिए भोजन शुल्क माफ कर दिया और प्रति छात्र मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की लागत में एक रुपये की बढ़ोतरी करने का आदेश दिया। माझी ने 12 नवंबर को शुरू हुए राज्य स्तरीय बच्चों के महोत्सव 'सुरवी' में कहा कि राज्य सरकार 455 स्कूल छात्रावासों के लिए भोजन शुल्क का वहन करेगी जिससे राज्य भर में लड़कों के 314 और लड़कियों के 141 छात्रावासों को लाभ होगा। पहले, माता-पिता को 2,000 रुपये का मासिक भोजन खर्च देना पड़ता था, लेकिन माता-पिता से अनुरोध प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से फीस माफ करने का फैसला किया।

## सरकार ने मणिपुर के जिरीबाम समेत छह पुलिस थानों में फिर से अफस्पा लगाया

**नयी दिल्ली/इंफाल :** केंद्र ने मणिपुर के हिंसा प्रभावित जिरीबाम सहित छह पुलिस थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) को पुनः लागू कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि यह निर्णय वहां जारी जातीय हिंसा के कारण लगातार अस्थिर स्थिति को देखते हुए लिया गया है। अफस्पा को पुनः लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना उसी दिन आई जिस दिन मणिपुर पुलिस ने मणिपुर के जिरीबाम और चुराचांदपुर जिलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा जब्त करने की जानकारी की। पुलिस ने एक बयान में कहा कि बुधवार को जिरीबाम जिले के चंपानगर, नारायणपुर और थांगबोइपुंजरे इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान 2 इंच का एक मोर्टार, 36 बैरल कारतूस और पांच बैरल कारतूस के खोल जब्त किए गए। पुलिस के बयान में यह भी कहा गया है कि एक .303 राइफल, 9 मिमी की एक पिस्तौल, दो कम दूरी की स्थानीय रूप से निर्मित तोप, दो लंबी दूरी की स्थानीय रूप से निर्मित तोप, पांच एके 47 कारतूस, 9 मिमी के दो कारतूर, चार 12-बोर कार्ट केस और .303 राइफल के 18 संशोधित कारतूस भी चुराचांदपुर जिले के एच कोटलियान गांव से जब्त किए गए। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत के रूप में अधिसूचित किया जाता है। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोलीबारी करने के व्यापक अधिकार देता है, अगर वे इसे सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक समझते हैं।

# श्रीलंका ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को हराया



**दाम्बुला (श्रीलंका):** कुसल मेंडिस और अविष्का फर्नांडो के शतकों की मदद से श्रीलंका ने वर्षाबाधित पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 45 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। मेंडिस ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 128 गेंद में 143 रन बनाये जबकि फर्नांडो ने 115 गेंद में 100 रन जोड़े। श्रीलंका ने 49.2 ओवर में पांच विकेट पर 324 रन बनाये जब बारिश होने लगी। न्यूजीलैंड को 27 ओवरों में 221 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिये पदार्पण करने वाले विल यंग और टिम रॉबिनसन ने पहले विकेट के लिये 88 रन जोड़े। इसके बाद श्रीलंकाई स्पिनरों ने कीवी बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी और मेहमान टीम नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी। धीमे गेंदबाज महीश तीक्षणा और कप्तान चरित असलांका ने दो दो विकेट लिये जबकि जाफरी वांडरसे को एक विकेट मिला। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने तीन विकेट चटकाये। इससे पहले श्रीलंका के लिये मेंडिस और फर्नांडो ने दूसरे विकेट के लिये 206 रन जोड़े। कप्तान असलांका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और जैकब डफी के दूसरे ओवर में नाथन स्मिथ ने थर्डमैन पर भागते हुए पाथुम निसांका (12) का कैच लपका। डफी ने मेंडिस को उस समय जीवनदान दिया जब वह 11 रन पर थे। डफी उनका नीचे की ओर जाता रिटर्न कैच नहीं लपक सके। इसके बाद निसांका और फर्नांडो ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की दूसरे विकेट के लिये सर्वोच्च साझेदारी कर डाली। इससे पहले रिकॉर्ड सनत जयसूर्या और हशान तिलकरत्ने के नाम था जिन्होंने 2003 विश्व कप में 170 रन जोड़े थे।

## शमी की शानदार वापसी के बाद बंगाल के कोच शुक्ला बोले, 'मेरे हिसाब से वह फिट हैं'

**इंदौर :** इंदौर में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में बृहस्पतिवार को मध्यप्रदेश के चार विकेट झटक कर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की बंगाल के कोच लक्ष्मीरतन शुक्ला ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उनके नजरिये से 34 वर्षीय गेंदबाज टखने की चोट से उबरने के बाद फिट होकर बढ़िया फॉर्म में दिखाई दे रहा है। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें ऑपरेशन कराना पड़ा था। चोट से उबरने के बाद करीब एक साल बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे शमी ने रणजी ट्रॉफी मैच में मध्यप्रदेश की पारी के अंत में लय हासिल की और 19 ओवर में 54 रन देकर चार विकेट चटकाए जिसकी मदद से बंगाल ने पहली पारी की बढ़त हासिल की। बंगाल के कोच शुक्ला ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'शमी ने एक साल के बाद मैदान पर बहुत अच्छी तरह वापसी की है। उनकी प्रतिभा और समर्पण अद्भुत है। पता ही नहीं चल रहा है कि वह साल भर बाद मैदान पर लौटे हैं। यही एक बड़े खिलाड़ी की निशानी होती है कि वह खुद को हर माहौल के मुताबिक ढाल लेता है।'

# भारत की नजरें श्रृंखला जीतने पर, फोकस रिंकू के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर

**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक



मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं।

### सिन्हा, सिंह और वर्धन एमएसएलटीए 25के पुरुष आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में

**मुंबई :** वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले नितिन कुमार सिन्हा, क्वालीफायर विष्णु वर्धन और सातवें वरीय करण सिंह ने भारतीय उम्मीदों को जीवंत रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां एमएसएलटीए 25के पुरुष आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में अपने स्थान पक्के किये। सिन्हा ने दूसरे दौर में मनीष सुरेशकुमार को 6-4, 6-3 से जबकि करण सिंह ने ऋषभ अग्रवाल को 6-2, 6-0 से मात दी। वर्धन ने चौथे वरीय शशिकुमार मुकुंद के बीमार होने के कारण रिटायर होने से अगले दौर में प्रवेश किया।वर्धन और करण के बीच भिड़ंत से एक भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेगा। उज्बेकिस्तान के शीर्ष वरीय खुमोयुन सुल्तानोव ने देव जाविया की चुनौती खत्म करते हुए 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की और अब वह क्वार्टरफाइनल में आदित्य गणेशन से भिड़ेंगे जिन्होंने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले सिद्धांत बंथिया को 6-3, 6-3 से मात दी।

## भारत ने महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी में थाईलैंड को १३-0 से रौंदा

**राजगीर (बिहार) :** युवा स्ट्राइकर दीपिका के पांच गोल की मदद से गत चैंपियन भारतीय महिला हॉकी टीम ने बृहस्पतिवार को यहां थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से हराकर महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। यह मुकाबला पूरी तरह से एकतरफा रहा और भारतीय टीम टीम ने लगातार थाईलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदा। थाईलैंड की टीम एक बार भी भारतीय गोल की तरफ शॉट नहीं लगा सकी। भारत के लिए दीपिका (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें और 45वें मिनट) के पांच गोल के अलावा प्रीति दुबे (नौवें और 40वें मिनट), लालरेमसियामी (12वें और 56वें मिनट) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। ब्युटी डुंग डुंग (30वें मिनट) और नवनीत कौर (53वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।



भारत ने इससे पहले मलेशिया को 4-0 से हराया था जबकि करीबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से शिकस्त दी थी। भारत अपना अगला मैच शनिवार को ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के खिलाफ खेलेगा। भारत अंक तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन के भी इतने ही अंक हैं लेकिन भारत के प्लस 18 की तुलना में प्लस 21 के बेहतर गोल अंतर के कारण टीम शीर्ष पर है। राउंड रोबिन चरण के बाद छह टीम में से शीर्ष चार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने इस मुकाबले में पेनल्टी कॉर्नर में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12 प्रयास में पांच गोल दागे।

## न्यूज अपडेट

### चैंपियंस ट्रॉफी देशव्यापी दौरे के लिए पाकिस्तान पहुंची

**कराची :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अभी चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है लेकिन उसने 16 नवंबर से शुरू होने वाले देश के दौरे के लिए बृहस्पतिवार को ट्रॉफी पाकिस्तान भेजी।ाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी के अनुसार ट्रॉफी का दौरा उत्तरी पाकिस्तान के स्कार्दू से शुरू होगा। अधिकारी ने कहा, 'यह दौरा उन प्रमुख पाकिस्तानी शहरों से होकर गुजरेगा जहां चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेले जाने हैं।' ट्रॉफी ऐसे समय में पहुंची है जब आईसीसी ने भारत द्वारा टूर्नामेंट के लिए देश की यात्रा करने से इनकार करने के बाद 'हाइब्रिड मॉडल' में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर पीसीबी से जवाब मांगा है। ट्रॉफी का अनावरण इस महीने की शुरुआत में लाहौर में होना था। लेकिन भारत के आईसीसी को सूचित किए जाने के बाद कि वह अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा और शहर में धुंध की स्थिति के कारण यह समारोह स्थगित कर दिया गया। लेकिन बृहस्पतिवार को आईसीसी अधिकारियों द्वारा ट्रॉफी को आखिरकार दुबई से इस्लामाबाद लाया गया। यह दौरा 24 नवंबर को समाप्त होगा जो अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिये उत्साह पैदा करने के आईसीसी के प्रयास का हिस्सा है।

### सिन्हा, सिंह और वर्धन एमएसएलटीए 25के पुरुष आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में

मुंबई : वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले नितिन कुमार सिन्हा, क्वालीफायर विष्णु वर्धन और सातवें वरीय करण सिंह ने भारतीय उम्मीदों को जीवंत रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां एमएसएलटीए 25के पुरुष आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में अपने स्थान पक्के किये। सिन्हा ने दूसरे दौर में मनीष सुरेशकुमार को 6-4, 6-3 से जबकि करण सिंह ने ऋषभ अग्रवाल को 6-2, 6-0 से मात दी। वर्धन ने चौथे वरीय शशिकुमार मुकुंद के बीमार होने के कारण रिटायर होने से अगले दौर में प्रवेश किया। वर्धन और करण के बीच भिड़ंत से एक भारतीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेगा। उज्बेकिस्तान के शीर्ष वरीय खुमोयुन सुल्तानोव ने देव जाविया की चुनौती खत्म करते हुए 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की और अब वह क्वार्टरफाइनल में आदित्य गणेशन से भिड़ेंगे जिन्होंने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले सिद्धांत बंथिया को 6-3, 6-3 से मात दी।

### सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारी, भारतीय चुनौती समाप्त



**कुमामोतो (जापान) :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया।करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11-8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढत बना ली। सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर लिया। इसके बाद ली ने लगातार पांच अंक लेकर बराबरी की।निर्णायक गेम में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था लेकिन ली ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू की सहज गलतियों ने उनका काम आसान कर दिया। ली का सामना अब दक्षिण कोरिया की यू जिन सिम से होगा।



## रुपया सात पैसे गिरकर 84.46 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई :** विदेशी कोषों की सतत निकासी और निवेशकों की मजबूत डॉलर मांग के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सात पैसे टूटकर 84.46 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर:रुपया जोड़ी पर नीचे की ओर का दबाव मुख्य रूप से लगातार मुद्रास्फीति और विदेशी कोषों की निकासी के कारण है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.40 पर खुला। सत्र के दौरान स्थानीय मुद्रा ने 84.39 के उच्चस्तर और 84.47 के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह डॉलर के मुकाबले 84.46 के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से सात पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद डॉलर के मुकाबले 84.39 पर स्थिर रहा। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा में बुनियादी मुद्रा और जिंस के उपाध्यक्ष (एसोसिएट) प्रवीण सिंह ने कहा, 'अमेरिकी डॉलर इंडेक्स ने 106.76 के नए चक्र उच्चस्तर को छुआ है, क्योंकि यह 107.50 के कड़े प्रतिरोध के करीब पहुंच गया है।' सिंह ने कहा, 'अमेरिकी मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि कल जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि प्रमुख उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में लगातार तीसरे महीने 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह साल-दर-साल आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़ा है।' फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा कि रुपये की गिरावट को रिजर्व बैंक ने रोका है, जिसने डॉलर बेचना जारी रखा है।

## रिलायंस, डिज्नी की मीडिया संपत्तियों का विलय, अस्तित्व में आया 70,352 करोड़ रुपये का संयुक्त उद्यम

**नयी दिल्ली :** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी मीडिया परिसंपत्तियों का वैश्विक मीडिया हाउस वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के साथ विलय पूरा कर लिया है। इससे 70,352 करोड़ रुपये का नया संयुक्त उद्यम अस्तित्व में आएगा। एक संयुक्त बयान के अनुसार, इस संयुक्त उद्यम में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी वृद्धि के लिए 11,500 करोड़ रुपये (1.4 अरब डॉलर) का निवेश किया है। इसकी चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। बयान के अनुसार, इस लेन-देन में संयुक्त उद्यम मूल्य बाहरी निवेश जोड़ने के बाद 70,352 करोड़ रुपये (8.5 अरब डॉलर) आंका गया है। सौदा पूरा होने के साथ संयुक्त उद्यम का नियंत्रण रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के पास रहेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास संयुक्त उद्यम में 16.34 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि इसकी अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी वायकॉम 18 के पास 46.82 प्रतिशत और डिज्नी के पास शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें कहा गया, नीता एम. अंबानी संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन होंगी, जबकि उदय शंकर वाइस चेयरमैन होंगे जो संयुक्त उद्यम को रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।' वायकॉम 18 मीडिया और वॉल्ट डिज्नी कंपनी को वायकॉम 18 के मीडिया और जियोसिनेमा कारोबार के स्टार इंडिया में विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई), राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) जैसे प्राधिकरण से आवश्यक मंजूरियां पहले ही मिल चुकी हैं।

### बैंकों में सप्ताह में पांच कार्यदिवस की व्यवस्था जल्द लागू हो: एआईबीओसी

**नयी दिल्ली :** बैंक अधिकारियों के शीर्ष निकाय एआईबीओसी ने बैंक कर्मचारियों के लिए सप्ताह में पांच दिन कार्यदिवस की व्यवस्था लागू करने की बृहस्पतिवार को मांग की। निकाय ने कहा कि उनकी मांग काफी समय से लंबित है और अब इसे यथाशीघ्र लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा, एआईबीओसी (ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन) ने कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नियुक्ति पर भी जोर दिया। एआईबीओसी ने बयान में कहा कि लिपिक तथा अधीनस्थ कर्मचारियों की भारी कमी के कारण अधिकारियों को अपने प्राथमिक कर्तव्यों से इतर भी काम करने पड़ते हैं।

# देश का निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़ा, दो साल का सबसे बड़ा उछाल

**नयी दिल्ली :** देश का वस्तु निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। प्रतिशत के लिहाज से देखें तो यह दो साल में निर्यात के आंकड़े में सबसे बड़ा उछाल है। एक साल पहले इसी महीने में निर्यात 33.43 अरब डॉलर रहा था। आलोच्य महीने में व्यापार घाटा 27.14 अरब डॉलर रहा। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में देश का आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी माह में 63.86 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर आलोच्य महीने में 27.14 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल इसी महीने में 30.42 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। हालांकि, यह इस साल सितंबर महीने के



20.78 अरब डॉलर से अधिक है। देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में मामूली 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.85 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह ( अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान देश का निर्यात 3.18 प्रतिशत बढ़कर 252.28 अरब डॉलर और आयात 5.77 प्रतिशत बढ़कर 416.93 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, 'यह निर्यात के लिए काफी अच्छा महीना रहा है...अगर यह गति बनी रही, हम इस साल 800 अरब डॉलर के निर्यात (वस्तु और सेवा) के आंकड़े को पार कर जाएंगे।'उन्होंने कहा कि छह क्षेत्रों... इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, रसायन, प्लास्टिक और कृषि... के साथ-साथ 20 देशों पर ध्यान केंद्रित करने की सरकार की रणनीति सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन 20 देशों की कुल वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है और इन छह खंडों की वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 67 प्रतिशत है।

### शहरी सहकारी बैंकों को डिजिटल रूप से विकसित होने की जरूरतत डिप्टी गवर्नर

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने बृहस्पतिवार को शहरी सहकारी बैंकों को डिजिटल रूप से विकसित होने, सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर सुरक्षा खामियों को दूर करने जैसे मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए परिसमापन प्रक्रिया में सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सहकारी समितियों के राज्य पंजीयकों (आरसीएस) के दूसरे सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामीनाथन ने भारतीय रिजर्व बैंक और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के बीच एक-दूसरे की भूमिकाओं का सम्मान करते हुए समन्वित जुड़ाव के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूसीबी के लिए वित्तीय संकेतकों में सुधार हुआ है। उन्होंने व्यापार, परिसंपत्ति की गुणवत्ता और नकदी में वृद्धि की गुंजाइश का उल्लेख किया। रिजर्व बैंक ने कहा कि सहकारी समितियों के राज्य पंजीयकों (आरसीएस) के दूसरे सम्मेलन की सह-अध्यक्षता रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव और स्वामीनाथन ने की। इसमें रिजर्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## एफआईआई की बिकवाली से सेंसेक्स 111 अंक टूटा, निफ्टी में छठे दिन गिरावट

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 111 अंक और नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं होने तथा महंगाई बढ़ने के बीच बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 110.64 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 77,580.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 266.14 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.35 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स के तीस शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक



महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,502.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,145.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में कारोबार हल्का रहा। हालांकि, पूरे कारोबार के दौरान कुछ स्थिरता देखने को मिली। लेकिन स्थिरता के रुख को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि एफआईआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। सकारात्मक पहलू यह है कि उनकी बिकवाली की रफ्तार अब कम हो रही है।' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर चार महीने के उच्चस्तर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं खासकर, सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं के दाम में तेजी इसकी मुख्य वजह रही। वहीं मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में 14 महीने के उच्चस्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर (दो से छह प्रतिशत) से अधिक है। मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा।

### सोना 700 रुपये टूटा, चांदी 2,310 रुपये लुढ़की

नयी दिल्ली : वैश्विक बाजारों में कमजोर मांग के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में एक बार फिर भारी गिरावट आई और यह 700 रुपये घटकर 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

### एसबीआई ने कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

**मुंबई :** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बृहस्पतिवार को अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, एक साल की एमसीएलआर को शुक्रवार से 0.05 प्रतिशत बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया गया है। एक साल की एमसीएलआर दर से ही व्यक्तिगत, वाहन और आवास जैसे कर्ज की दर तय होती है। बैंक ने हाल ही में दो बार एमसीए-लआर में बढ़ोतरी की है।

### इंडिगो ने 'बिजनेस' श्रेणी की सीटों के साथ पहली उड़ान की संचालित

**नयी दिल्ली :** एयरलाइन इंडिगो ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-मुंबई मार्ग पर 'बिजनेस' श्रेणी की सीटों के साथ अपनी पहली उड़ान संचालित की। कंपनी ने बयान में कहा कि आने वाले समय में ये सीटें एयरलाइन की देश में व्यावसायिक और व्यस्ततम मार्गों को जोड़ने वाली उड़ानों में भी उपलब्ध होंगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर पोस्ट कर कहा कि आज 'इंडिगो की पहली 'बिजनेस' श्रेणी की उड़ान' थी। एयरलाइन ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। दिल्ली से मुंबई तक हमारी पहली 'बिजनेस' श्रेणी की उड़ान का हम जश्न मना रहे हैं। इंडिगो प्रतिदिन लगभग 2,200 उड़ानें संचालित करती है।

### डेटा का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं से अधिक शुल्क लिया जाएत वोडाफोन आइडिया सीईओ

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार शुल्क (टैरिफ) में और बढ़ोतरी की वकालत करते हुए वोडाफोन आइडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि डेटा का अधिक उपभोग करने वाले ग्राहकों को अधिक भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग को उचित रिटर्न मिल सकेगा और समाज के सभी वर्गों को 'कनेक्टिविटी' सुनिश्चित हो सकेगी। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) की 30 सितंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय मूंदड़ा ने कहा कि हालिया शुल्क बढ़ोतरी के कारण बीएसएनएल को होने वाला ग्राहकों का नुकसान सरकारी दूरसंचार कंपनी के 'नेटवर्क अनुभव' के कारण अब पलट रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायरलेस क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। मूंदड़ा ने कहा कि जहां एक तरफ नई तकनीक के उभार का समर्थन करने और डेटा विकास का समर्थन करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता है, वहीं दूसरी तरफ समाज के सभी वर्गों को संपर्क या कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए शुल्क सामर्थ्य को बनाए रखने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यह तभी संभव है जब अधिक उपयोग करने वाले ग्राहक अधिक भुगतान करेंगे, ताकि उद्योग को किए गए बड़े निवेश पर उचित रिटर्न मिल सके। इसलिए, उद्योग को अपनी पूंजी की लागत वसूलने के लिए शुल्कों को और अधिक तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता है।'

### हल्दिया पेट्रो ने फिनोल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए किया समझौता

**कोलकाता:** पूर्णेंदु चटर्जी के स्वामित्व वाले चटर्जी समूह (टीसीजी) का हिस्सा हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एचपीएल) ने फिनोल उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए लुमस टेक्नोलॉजी के साथ 'लाइसेंस संशोधन' पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि समझौते के तहत फिनोल उत्पादन क्षमता 300 किलोटन प्रति वर्ष (केटीपीए) से बढ़कर 345 केटीपीए हो जाएगी। यह क्षमता विस्तार रसायन उद्योग को समर्थन देने के लिए एचपीएल की महत्वाकांक्षी विकास रणनीति के अनुरूप है।कंपनी ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक के नए निवेश के अनुरूप, एचपीएल बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और 'डाउनस्ट्रीम' विकास को बढ़ावा देने के लिए क्यूमीन तथा एसीटोन उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।''

वर्ष 9, पूर्णांक 4059 अंक 209, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in